वर्ष-10 अंक-266 पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

प्रयागराज, सोमवार 06 जनवरी 2025

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

आधुनिक समाचार नेटवर्क

Download From Google Play Adhunik Samachar

नगर संस्करण

## संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति की युवाओं को सीख, कहा- आपकी पीढ़ी 2047 तक भारत के गौरव का निर्माण करेगी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं से कहा कि दुनिया का कोई भी देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों। राष्ट्रवाद को हमारे सभी हितों चाहे व्यक्तिगत हो या संगठनात्मक से ऊपर होना चाहिए। अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में इन गुणों को बनाए रखें।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से कहा कि दुनिया का कोई भी देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध न हों। राष्ट्रवाद को हमारे सभी हितों चाहे व्यक्तिगत हो या संगठनात्मक से ऊपर होना चाहिए। अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में इन गुणों को बनाए रखें। आपकी पीढ़ी 2047 तक भारत के गौरव का निर्माण करेगी।उन्होंने कहा कि आप देश के बेहतरीन युवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। एनसीसी में आपकी सदस्यता एक अत्यधिक अनुशासित बल के तौर पर आपको उन गुणों को आत्मसात करने में सक्षम बनाती है जो मानव विकास के लिए आवश्यक हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय परिवर्तन की नींव पांच प्रमुख स्तंभों पर टिकी है। इसमें सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्य शामिल है। सामाजिक सद्भाव विविधता को राष्ट्रीय एकता में बदलता है इसकी आज के समय में आवश्यकता है। जमीनी स्तर पर देशभक्ति के मूल्यों को पोषित करना हमारे पारिवारिक प्रबोधन का हिस्सा होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। उसका संरक्षण और सृजन करना चाहिए। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक हैं और हमें इन्हें बढ़ावा देना चाहिए।

## तेंदुए ने किया काले हिरण का शिकार, दहशत में 7 और हिरणों की मौत; स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पार्क का मामला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के सामने स्थित सरदार पटेल प्राणी उद्यान में 2 जनवरी की रात एक तेंदुआ घुस गया। इस तेंदुए ने उद्यान में मौजूद एक काले हिरण को मार डाला। हमले से भयभीत होकर 7 अन्य हिरणों की भी मौत हुई है।गुजरात के नर्मदा जिले में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के परिसर के बाद एक बेहद ही चौंकाने वाली घटना सामने आई है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के परिसर के उद्यान में एक तेंदुआ घुस गया। इस तेंदुए ने उद्यान में मौजूद एक काले हिरण को मार डाला। अचानक हुए जंगली जानवर के हमले से भयभीत होकर सात और काले हिरणों की सदमे से मौत हो गई। तेंदुए को अभी तक नहीं पकड़ा जा सका है। पिछले 48 घंटों से वन विभाग के केवडिया संभाग के अधिकारी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के सामने स्थित सरदार पटेल प्राणी उद्यान में 2 जनवरी की रात को घुसे जंगली तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रख रहे है। आसपास के इलाकों में भी तेंदुए की उपस्थिति को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। अधिकारियों बताया कि तेंदुआ काले हिरण का शिकार करने के उद्देश्य से पार्क में घुसा था। उद्यान में कुल आठ काले हिरणों की मौत की सूचना मिली है। जिनमें से एक तेंदुए के हमले में और अन्य सात सदमे को कारण मर गए। इस घटना के बाद से पार्क को कुछ समय के लिए पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया था। हालांकि शनिवार को इसे फिर से आम लोगों के लिए खोल दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि, तेंदुआ को अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। यह जंगली तेंदुआ दो से तीन साल का एक वयस्क है। उद्यान में जंगली तेंदुए के घुसने की यह पहली घटना है। उप वन संरक्षक ने बताया कि उद्यान चारों ओर से जंगल से घिरा हुआ है, इसलिए तेंदुओं का आस-पास होना आम बात है। लेकिन बाड़बंद पार्क में घुसने की यह पहली घटना है। उप वन संरक्षक ने बताया कि, पार्क में सीसीटीवी की अच्छी कवरेज है। जैसे ही घटना की जानकारी हुई, सुरक्षा कर्मियों को तुरंत सतर्क कर दिया गया। जिसके कारण तेंदुआ भाग गया। हालांकि अभी तक तेंदुए को पकड़ा नहीं जा सका है। उद्यान में सभी शाकाहारी जानवर है। ऐसे में तेंदुआ घात लगाकर फिर से हमला कर सकता है। पुरी में जगन्नाथ मंदिर के ऊपर दिखा संदिग्ध ड्रोन, हड़कंप; सुरक्षा को लेकर उठे सवालओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने घटना पर चिंता जताते हुए कहा, 'मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाना गैरकानूनी है यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। सुरक्षा भंग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।' रविवार की सुबह पुरी में स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के ऊपर ड्रोन देखे जाने के बाद हड़कंप मच गया। ड्रोन को सुबह करीब 4:10 बजे मंदिर के ऊपर देखा गया और यह करीब आधे घंटे तक मंदिर के ऊपर मंडराता रहा। इससे मंदिर की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल पैदा हो गए। गौरतलब है कि जगन्नाथ मंदिर और इसके आसपास का इलाका नो-फ्लाइंग जोन है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रविवार मंगला अलति अनुष्ठान के दौरान ड्रोन श्रीमंदिर के ऊपर से उड़ता हुआ दिखा। ड्रोन श्रीमंदिर के नीलचक्र और धादिनौती के ऊपर दिखाई दिया। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने घटना पर चिंता जताते हुए कहा, 'मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाना गैरकानूनी है यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। सुरक्षा भंग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने कहा, 'पुरी एसपी ने टीमें गठित कर घटना की जांच शुरू कर दी है। उम्मीद है कि संबंधित व्यक्ति की जल्द पहचान कर ली जाएगी और ड्रोन को जब्त कर लिया जाएगा।' हरिचंदन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए सरकार मंदिर परिसर के चारों ओर स्थित वॉच टावर्स पर चौबीस घंटे पुलिस कर्मियों को तैनात करने पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि किसी व्लॉगर ने यह ड्रोन उड़ाया हो सकता है।



## दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा', सरपंच हत्याकांड पर सीएम फडणवीस की दो टूक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख की नौ दिसंबर को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। इस मामले पर लगातार सियासत तेज है। सीएम फडणवीस ने एक बार फिर साफ-साफ कह दिया है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार बीड जिले के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की जांच पूरी दृढ़ता के साथ कर रही है। इस अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा।पुलिस के अनुसार, सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे एक बड़ी जबरन वसूली का मामला है। बीड जिले में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की वसूली की जा रही थी। देशमुख ने इस जबरन वसूली का विरोध किया था, जिसके बाद नौ दिसंबर को उनका अपहरण किया गया और फिर हत्या कर दी गई। उनकी मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, कुछ दिन पहले, महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। कराड को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अभी तक कुल सात आरोपी इस मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं।मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, 'बीड मामले में सरकार और पुलिस पूरी ताकत व दृढ़ता से काम कर रही हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। देशमुख एक लोकप्रिय सरपंच थे, इसलिए उनकी हत्या को राजनीतिक रूप से इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। यहां तक कि अगर आरोपी फरार हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हम उन लोगों को भी नहीं छोड़ रहे हैं, जिन्होंने आरोपियों की मदद की। एजेंसियों को मामले की सही तरीके से जांच करने दिया जाना चाहिए।'भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता अंजलि अनीश दमानिया ने सरपंच हत्या मामले में चल रही जांच को बकवास बताया। उन्होंने कहा कि इसके सच का खुलासा तभी हो सकेगा जब मामले की जांच बीड पुलिस के बाहर के अधिकारियों द्वारा की जाएगी



उन्होंने आगे आरोप लगाया कि जबरन वसूली मामले में मुख्य आरोपी और एनसीपी मंत्री तथा परली विधायक धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड के आगे झुकी बीड पुलिस निष्पक्ष जांच नहीं कर सकती। धनंजय मुंडे और पंकजा मुंडे अपमानजनक और अश्लील भाषा से उन्हें निशाना बना रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया, 'मुझ पर वंजारी समुदाय को निशाना बनाकर सामाजिक तनाव पैदा करने का आरोप है। मैंने ऐसा कुछ नहीं किया है। मैंने सिर्फ इतना कहा कि (दिवंगत भाजपा के दिग्गज) गोपीनाथ मुंडे के समय से ही बीड में सभी सरकारी नियुक्तियां एक ही समुदाय से होती हैं। जिले में एक विशेष समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पुलिसकर्मी कराड से जुड़े हुए हैं और उनकी जांच नहीं कर सकते उन्होंने कहा, 'यह चल रही जांच बकवास है। बीड पुलिस को इस मामले की जांच नहीं करनी चाहिए। मैंने इस संबंध में पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला से मुलाकात की है और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध करती हूं कि मुझे परेशान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

## राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पीएफआई के कैडर को दिल्ली एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार, दुबई से फंड जुटाने का आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम ने शनिवार को बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के रहने वाले मोहम्मद सज्जाद आलम को दुबई, यूएई से दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उतरते ही गिरफ्तार किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के एक कैडर को दुबई से प्रतिबंधित संगठन के लिए भारत में अपनी गैरकानूनी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए फंड जुटाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम ने शनिवार को बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के मोहम्मद सज्जाद आलम को दुबई, यूएई से यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उतरते ही गिरफ्तार कर लिया।बता दें कि, विशेष एनआईए अदालत ने पीएफआई के प्रशिक्षित कैडर मोहम्मद सज्जाद आलम के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।



आधिकारिक बयान में ये भी कहा गया है कि उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया गया था। एनआईए के अनुसार, आरोपी यूएई, कर्नाटक और केरल में मौजूद सिंडिकेट के माध्यम से दुबई से बिहार में पीएफआई कैडरों तक अवैध फंड पहुंचाने में शामिल था। एनआईए ने कहा कि फंड का इस्तेमाल प्रतिबंधित संगठन की आपराधिक और गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।जुलाई 2022 में बिहार के फुलवारी शरीफ पुलिस की तरफ से दर्ज किया गया यह मामला पीएफआई कार्यकर्ताओं की गैरकानूनी और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता से संबंधित है। बयान में कहा गया है कि कार्यकर्ताओं ने देश में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए हानिकारक गतिविधियों के माध्यम से आतंक का माहौल बनाने और कई धर्मों और समूहों के सदस्यों के बीच धार्मिक दुश्मनी फैलाने की साजिश रची। जांच एजेंसी ने कहा कि सार्वजनिक शांति को बाधित करने और भारत के खिलाफ असंतोष पैदा करने के उद्देश्य से, उनकी गतिविधियों में भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने की पीएफआई विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए आपराधिक बल का उपयोग शामिल था, जैसा कि संगठन के विजन दस्तावेज, 'भारत 2047: भारत में इस्लाम के शासन की ओर, आंतरिक दस्तावेजः प्रचलन के लिए नहीं' में परिकल्पित है। पुलिस की तरफ से मामला दर्ज किए जाने के कुछ दिनों बाद ही मामले को अपने हाथ में लेने वाली एनआईए ने मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

## पोरबंदर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा, तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर क्रैश, क्रू के तीन सदस्यों की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बीते सितंबर में ही भारतीय तटरक्षक बल का ध्रुव हेलीकॉप्टर ही अरब सागर में हादसे का शिकार हुआ था। उस हादसे में क्रू के तीन सदस्य लापता हो गए थे। क्रू के एक सदस्य को बचा लिया गया था। गुजरात के पोरबंदर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा हुआ है।



दरअसल वहां तटरक्षक बल का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। भारतीय तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर एएलएच (एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर) ध्रुव रुटीन उड़ान पर था, जिस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। हादसे में क्रू के सदस्यों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। क्रू के सदस्यों को जली हुई हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर पोरबंदर हेलीकॉप्टर पर रविवार दोपहर करीब 12 बजे हादसे का शिकार हुआ। हेलीकॉप्टर नियमित उड़ान पर था और हादसा हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के वक्त हुआ। लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर में आग लग गई। हेलीकॉप्टर में दो पायलट समेत कुल तीन लोग थे। इस दुर्घटना में तीनों की मौत हो गई। गुजरात के पोरबंदर के एसपी भगीरथ सिंह जडेजा ने बताया कि पुलिस और तटरक्षक बल हादसे की वजह की जांच कर रहे हैं। गौरतलब है कि बीते सितंबर में ही भारतीय तटरक्षक बल का ध्रुव हेलीकॉप्टर ही अरब सागर में हादसे का शिकार हुआ था। उस हादसे में क्रू के तीन सदस्य लापता हो गए थे। क्रू के एक सदस्य को बचा लिया गया था। इससे पहले मार्च में भी नौसेना के ध्रुव हेलीकॉप्टर की अरब सागर में आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी। ध्रुव हेलीकॉप्टर को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया था। कई साल की परीक्षण उड़ानों के बाद साल 2002 में इसे भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। इस हेलीकॉप्टर में दो पायलट समेत 12 लोग बैठ सकते हैं।

आधुनिक गेस्ट हाउस

- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)




CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710

आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज






# मेला के केंद्रीय अस्पताल में हुआ पहला प्रसव, महाकुंभ में सफाई का काम करती है महिला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले के लिए परेड मैदान पर बने 100 बेड के अस्थायी केंद्रीय अस्पताल में रविवार



को पहला प्रसव कराया गया। जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. मनोज ने इस पर अस्पताल स्टाफ सहित सभी का मुंह मीठा कराया। महाकुंभ मेले के लिए परेड मैदान पर बने 100 बेड के अस्थायी केंद्रीय अस्पताल में रविवार को पहला प्रसव कराया गया। जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. मनोज ने इस पर अस्पताल स्टाफ सहित सभी का मुंह मीठा कराया। रविवार को कौशाम्बी निवासी 20 वर्षीय सोनम ने यहां बेटे को जन्म दिया है। डॉ. गौरव दुबे की मौजूदगी में तीन डॉक्टरों की टीम ने सफल प्रसव कराया गया। सफल ऑपरेशन के बाद दोनों को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में शिफ्ट करा दिया गया। बता दें कि सोनम महाकुंभ मेला क्षेत्र में सफाई कर्मी का काम कर रही हैं। ,महाकुंभ के दौरान स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल के विभागों में क्षेत्रीय भाषाओं के जानकार चिकित्सक तैनाती होंगे। मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रशासन इसकी सूची तैयार कर रहा है। इसमें पीजी और एमबीबीएस के छात्र भी शामिल हैं। कॉलेज प्रशासन ने इस तरह के 20 से 25 चिकित्सकों को चिह्नित करने का लक्ष्य रखा है। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा ने जिले के इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं की मदद लेने की योजना बनाई है। जल्द ही आईआईटी कॉलेजों से संपर्क किया जाएगा। इस व्यवस्था महाकुंभ के स्नान पर्वों के दौरान लागू किया जाएगा। जहां अस्पताल के विभिन्न विभागों में आने वाले कन्नड़, उड़िया, तमिल, तेलगू, मलयालम और बांग्ला सहित भारतीय भाषाओं के मरीजों की बात समझने में किसी प्रकार की परेशानी सामने न आए। आवश्यकता पड़ने पर इस व्यवस्था को अन्य मौकों पर भी लागू किया जा सकता है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के इलाज में भाषा बाधा न बने, इसके लिए एसआरएन में क्षेत्रीय भाषाओं के जानकार डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी। - डॉ. वत्सला मिश्रा, प्राचार्य, एमएलएन मेडिकल कॉलेज विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं की जानकारी रखने वाले चिकित्सकों की सूची तैयार हो रही है। इस संबंध में पांच जनवरी के पहले एमबीबीएस छात्रों की कार्यशाला भी कराई जाएगी।

# पुणे समेत 10 शहरों के लिए मिलेगी कनेक्टिंग फ्लाइट, जारी किया गया शेड्यूल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** मेले के दौरान एलाइंस एयर ने चंडीगढ़, जबलपुर, गुवाहाटी, जयपुर, देहरादून, भुवनेश्वर, दिल्ली और कोलकाता



के लिए सीधी उड़ान का शेड्यूल जारी किया है। वहीं, स्पाइस जेट ने जयपुर, दिल्ली, मुंबई, बंगलूरू और अहमदाबाद के लिए 12 जनवरी से सीधी उड़ान की बुकिंग शुरू कर दी है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज से विमानन कंपनियां पुणे समेत देश के दस प्रमुख शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट की सुविधा करेगी। यहां से नागपुर, इंदौर, श्रीनगर, भोपाल और चेन्नई सहित अन्य शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट का विकल्प जनवरी और फरवरी की अलग-अलग तिथियों में दिया गया है। मेले के दौरान एलाइंस एयर ने चंडीगढ़, जबलपुर, गुवाहाटी, जयपुर, देहरादून, भुवनेश्वर, दिल्ली और कोलकाता के लिए सीधी उड़ान का शेड्यूल जारी किया है। वहीं, स्पाइस जेट ने जयपुर, दिल्ली, मुंबई, बंगलूरू और अहमदाबाद के लिए 12 जनवरी से सीधी उड़ान की बुकिंग शुरू कर दी है। इसी तरह अकासा एयर 27 जनवरी से दिल्ली की एक सीधी उड़ान शुरू करेगा। अकासा एयर ने दिल्ली उड़ान के साथ ही पुणे के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट का भी विकल्प दिया है। अकासा की पुणे-प्रयागराज फ्लाइट सुबह 7:30 बजे चलकर 9:45 बजे दिल्ली और वहां से दोपहर 12:15 बजे प्रयागराज पहुंच जाएगी। प्रयागराज से दोपहर 12:50 बजे पुणे की उड़ान रवाना होगी, जो दोपहर 2:20 बजे दिल्ली व शाम 5:15 बजे पुणे पहुंच जाएगी। विमानन कंपनी इंडिगो ने भी प्रयागराज के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट का विकल्प दिया है।महाकुंभ को देखते हुए दादर-बलिया और दादर-गोरखपुर स्पेशल के फेरे बढ़ाए गए हैं। प्रयागराज छिवकी के रास्ते चलने वाली इन दोनों ही ट्रेनों के संचालन अवधि की मियाद भी बढ़ाई गई है। दादर-बलिया (01025) का संचालन 30 दिसंबर तक होना था, लेकिन अब यह ट्रेन तीन मार्च तक हर सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को चलेगी। इसी तरह बलिया-दादर (01026) का संचालन एक जनवरी से बढ़ाकर पांच मार्च कर दिया गया है। इस अवधि में हर बुधवार, शुक्रवार और रविवार को ट्रेन चलेगी। दादर-गोरखपुर (01027) के संचालन की अवधि 31 दिसंबर से बढ़ाकर एक मार्च कर दी गई है। हर मंगलवार, बृहस्पतिवार, शनिवार एवं रविवार को ट्रेन का संचालन होगा। वहीं, गोरखपुर-दादर स्पेशल (01028) दो जनवरी की जगह तीन मार्च तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को संचालित होगी।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार वीडीओ की मौत, श्रृंगवेरपुर ब्लॉक में थे तैनात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र के मलाक हरहर तिराहे के पास डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) की मौत हो गई। वह श्रृंगवेरपुर ब्लॉक में तैनात थे और



शहर के तेलियरगंज में रहते थे। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। जौनपुर के मूल निवासी अजय कुमार यादव (50) पुत्र रामचंद्र यादव ग्राम विकास अधिकारी थे। वह श्रृंगवेरपुर ब्लॉक में तैनात थे। सोमवार को दोपहर में मलाक हर-हर तिराहे के नजदीक सिक्स लेन ओवरब्रिज के पास डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह दूर जा गिरे। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। जब तक उन्हें लोग अस्पताल ले जाते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अजय कुमार तेलियरगंज में टीबी कॉलोनी में रहते थे। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पाकर तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। करेली थाने के सामने डंपर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार शिक्षिका ने रविवार दोपहर इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे पहले शनिवार की सुबह शिक्षिका के पति उसे रामबाग बस स्टैंड छोड़ने जा रहे थे। शिक्षिका जसरा ब्लाक स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाती थीं। विदित हो कि सीमा अवस्थी (40) करेली के बेनीगंज की रहने वाली थीं। पति शिवाकांत अवस्थी हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं। उनका एक बेटा और एक बेटी है। पति ने बताया कि उनकी पत्नी जसरा ब्लाक स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाती थीं। रोज की तरह शनिवार सुबह करीब आठ बजे वह अपनी पत्नी को स्कूटी से रामबाग बस स्टैंड छोड़ने जा रहे थे।दोनों करेली थाने के पास पहुंचे ही थे तभी सामने से अनियंत्रित डंपर चालक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह स्कूटी के साथ छिटककर पटरी पर जा गिरे और उनकी पत्नी डंपर के नीचे आ गई।


NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है




नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
ALL TYPE PRINTING SOLUTION Enjoy Publicity



प्रदेश आस/पास



भारत

# दवा मंडी में पसरा रहेगा सन्नाटा, तीन दिन रहेगी बंद, फुटकर दुकानों से मिलेगी सेवा



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** दवा की थोक दुकानें तीन दिनो तक बंद रहेगी। सप्तसागर दवा मंडी में सन्नाटा रहेगा। शीतकालीन अवकाश के कारण ये निर्णय लिया गया है। वाराणसी जिले में सभी थोक दवा की दुकानें सोमवार से बुधवार तक बंद रहेंगी। हालांकि फुटकर दुकानों पर सामान्य दिनों की तरह दवाएं मिलती रहेंगी। दवा विक्रेता समिति के महामंत्री संजय सिंह ने बताया कि समिति के नियमानुसार शीतकालीन अवकाश के क्रम में 30-31 दिसंबर और 01 जनवरी को भी दवा की दुकानें बंद रहेंगी। इसकी सूचना सभी सदस्यों को भी दी जा चुकी हैं।

## जब कचहरी में वकील बनकर बैठा बंदर, घंटे भर न छोड़ी कुर्सी; फिर जो हुआ सबने पकड़ लिया माथा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी जिले में शनिवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक बंदर अचानक विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) की कोर्ट में पहुंच गया। इतना ही नहीं कोर्ट रूम में पहुंचने के बाद बंदर कभी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता की मेज पर तो कभी डायस पर कूद कर बैठ जा रहा था।इसके चलते कोर्ट रूम में मौजूद कर्मचारी, अधिवक्ता और वादकारी सहमे नजर आए। काफी देरी के बाद बंदर को कोर्ट रूम से बाहर निकाला गया। इसके बाद जाकर अदालत की कार्यवाही शुरू हो पाई।कोर्ट रूम से निकल कर बंदर कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं की चौकियों पर काफी देर तक घूमता रहा। बंदर का कचहरी परिसर का भ्रमण अधिवक्ताओं, वादकारियों और न्यायिक कर्मियों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।



# बैंक में बंधक रखी जमीन बेचने की बात कह कर ऐंठ लिए 23 लाख, पुलिस कर रही जांच

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** बैंक के नाम पर जालसाजी करने का मामला सामने आया है।बंधक रखी जमीन बेचने की बात कह कर 23 लाख ऐंठने की शिकायत व्यापारी ने जैतपुरा थाने में की है और एक ही परिवार के तीन सदस्य जिसमें पति-पत्नी और बेटे शामिल हैं उनपर मुकदमा दर्ज कराया है जमीन बेचने की बात कह कर एक दंपती और उसके बेटे ने एक व्यापारी से 23 लाख रुपये ले लिए। जांच में पता लगा कि जमीन बैंक में बंधक रखी हुई है। मामले को लेकर रानीफाटक, औसानगंज निवासी व्यापारी ओमप्रकाश जायसवाल की तहरीर पर जैतपुरा थाने में दंपती और उनके बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। व्यापारी ओमप्रकाश जायसवाल ने पुलिस को बताया कि कोयला बाजार निवासी लक्ष्मण प्रसाद सेठ, उसका बेटा विशाल सेठ और पत्नी रेनू सेठ उनके पूर्व परिचित हैं। दंपती और उनके बेटे ने साजिश रच कर तुलसीपुर स्थित अपनी जमीन का सौदा उनसे 32 लाख रुपये में तय किया। 23 लाख रुपये लक्ष्मण सेठ को गवाहों के सामने दिए। ओमप्रकाश ने कहा कि जब उन्होंने जमीन की जांच कराई तो पता लगा कि उसे लक्ष्मण सेठ स्टेंट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर में बंधक रखा हुआ है। उन्होंने लक्ष्मण सेठ को बुलाकर कहा कि बैंक का ऋण अदा करें तभी वह जमीन का बैनामा कराएंगे। अन्यथा की स्थिति में पैसा वापस कर दीजिए। इस पर लक्ष्मण और उसके बेटे विशाल ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।



# अवैध निर्माणों का पता लगाने के लिए गूगल की मदद लेगा वीडीए, अधिकारियों को देनी होगी जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण अब अवैध निर्माण का पता लगाने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लेगा। इसे लेकर तैयारी कर ली गई है और गूगल इसमें मददगार बनने वाला है। कार्रवाई की पूरी जानकारी अधिकारियों को देनी होगी और एप पर भी डिटेल अपलोड करना होगा।शहर में अवैध निर्माण कराने वाले अब नहीं बचेंगे। इनका पता लगाने के लिए वीडीए गूगल लोकेशन की मदद लेगा। इससे आसानी से अवैध निर्माण स्थल तक अधिकारी पहुंचकर सील और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम देंगे। गूगल लोकेशन की मदद से अवैध निर्माण का पता लगने के बाद वीडीए के अधिकारी की गई कार्रवाई की पूरी जानकारी देंगे। वीडीए सीमा में होने वाले अवैध निर्माण की जानकारी फोटो समेत सैटेलाइट से मिलेगी।इसके बाद गूगल लोकेशन की मदद से अवैध निर्माण तक पहुंचने वाले अधिकारी कार्रवाई करेंगे। इसकी फोटो एप पर डालेंगे। इस पर क्या कार्रवाई हुई, इसे भी एप पर लोड किया जाएगा। इससे अवैध निर्माण की अनदेखी नहीं हो पाएगी। हर हाल में निर्माण पर कार्रवाई होगी। कर्मचारियों व अधिकारियों की मिलीभगत पर भी अंकुश लगेगा।शहर में कमर्शियल व रेजिडेंशल अवैध निर्माण सैकड़ों की तादाद में हैं।पिछले दिनों हुए सर्वे में 200 से अधिक अवैध निर्माण की लिस्ट तैयार की गई थी। 150 से अधिक लोगों को नोटिस दिए गए। 60 से अधिक डेमोलेशन ऑर्डर जारी किए गए। इनमें से कई जगहों पर कार्रवाई की गई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार अवैध निर्माणों पर नकेल कसने के लिए तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इसके लिए सभी जोनल अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। गूगल लोकेशन की मदद से अवैध निर्माण कार्य स्थल से आसानी से पहुंचा जा सकता है।




# कैंट स्टेशन के द्वितीय द्वार पर खुलेगा कोच रेस्टोरेंट, मिलेगी व्यंजन सुविधा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** कैंट स्टेशन के द्वितीय द्वार पर कोच रेस्टोरेंट खुलने वाला है। अब रेलयात्रियों को काशी के आकर्षण के हिसाब से व्यंजन भी परोसे जाने वाले हैं। इसके लिए तैयारी कर ली गई है और जल्द ही इसका मूर्त रूप दिखने वाला है।एनएसजी-वन कैटेगरी में शामिल कैंट रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर भी नया कोच रेस्टोरेंट खुलेगा। इस समय में प्रथम प्रवेश द्वार के सर्कुलेटिंग एरिया में कोच रेस्टोरेंट संचालित हो रहा है। इस तरह वाराणसी में दो कोच रेस्टोरेंट वाला इकलौता कैंट स्टेशन होगा।अभी तक बनारस और काशी रेलवे स्टेशन पर एक-एक कोच रेस्टोरेंट संचालित हो रहे हैं। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के कमर्शियल अधिकारियों ने बताया कि इंटरमॉडल स्टेशन के रूप में विकसित हो रहे काशी स्टेशन पर भी कोच रेस्टोरेंट खुलेगा।



# नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4.50 लाख ठगे, दो लोगों के खिलाफ एफआईआर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी में ठगी के कई मामले सामने आए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। साइबर अपराध को लेकर पुलिस निरंतर काम कर रही है बावजूद इसके शातिर किसी न किसी घटना को अंजाम दे दे रहे हैं।वाराणसी के सदर तहसील में सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर साढ़े चार लाख रुपये ठग लिए गए। मामले को लेकर निराला नगर, शिवपुरवा निवासी पान दुकानदार राजेश कुमार चौरसिया की तहरीर पर सिगरा थाने में अवलेशपुर के बालेश्वर शर्मा और चंदौली के डेढ़गांवा निवासी प्रवीण सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।राजेश कुमार चौरसिया ने पुलिस को बताया कि बालेश्वर शर्मा और प्रवीण सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया था कि उनके बेटे आयुष चौरसिया की नौकरी सदर तहसील में सुपरवाइजर के पद पर लगवा देंगे। इसके बदले में दोनों ने 4.50 लाख रुपये की मांग की। उन्होंने तकरीबन 25 बार में दोनों को 4.50 लाख रुपये दिए। लगभग दो साल तक बालेश्वर शर्मा और प्रवीण सिंह उन्हें आश्वासन देते रहे कि नौकरी लग जाएगी। लंबा समय बीत जाने के बाद भी आयुष की नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने दोनों से अपना पैसा वापस मांगा। इसके बाद दोनों ने एक चेक दिया तो पता लगा कि उससे संबंधित बैंक खाता बंद है। अब पैसा मांगने पर दोनों गालीगलौज करते हुए धमकी देते हैं। राजेश ने पुलिस को बताया कि ऐसे प्रवीण और बालेश्वर ने अन्य लोगों के साथ भी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की है। मोबाइल फोन का बटन दबवा कर निकाले 1.18 लाख मढ़वा लालपुर की रहने वाली गीता भारती से मोबाइल फोन का एक नंबर बटन दबवा कर साइबर ठगों ने उनके दो बैंक खातों से एक लाख 18 हजार रुपये निकाल लिए। घटना के संबंध में गीता की तहरीर पर लालपुर पांडेयपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। गीता भारती ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर जियो कंपनी से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने कहा कि यदि आप मोबाइल नंबर चालू रखना चाहती हैं तो एक नंबर बटन दबा दीजिए। मोबाइल नंबर चालू नहीं रखना है तो दो नंबर बटन दबा दीजिए। उन्होंने एक नंबर बटन दबाया। इसके बाद उनके दो बैंक खातों से 81 हजार और 37 हजार रुपये निकाल लिए गए। रोहनिया। एनईआर कॉलोनी, लहरतारा निवासी रामप्रकाश सिंह से 30 लाख 90 हजार रुपये लेकर उनके परिचितों ने जमीन नहीं दी। उल्टे अब उनसे 50 लाख रुपये और मांगा जा रहा है। रामप्रकाश सिंह की तहरीर पर रोहनिया थाने में गंगोत्री विहार कॉलोनी के विनय कुमार पाठक, सोनू यादव, ज्ञानचंद्र और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है रामप्रकाश सिंह ने बताया कि विनय, सोनू और ज्ञानचंद्र उनके पुराने परिचित हैं। तीनों ने उन्हें केशरीपुर में जमीन दिलाने का आश्वासन देकर उनसे 30 लाख 90 हजार रुपये लिया। इसके बाद जमीन का बैनामा कराने की बात पर तीनों टालमटोल करने लगे। वह अपने रुपये मांगने लगे तो तीनों ने उन्हें सुंदरपुर स्थित अपने कार्यालय बुलाया। इसके बाद तीनों ने कहा कि 50 लाख रुपये और दो तो जमीन का बैनामा करें। इस पर उन्होंने कहा कि उनका 30 लाख 90 हजार रुपये वापस कर दिया जाए। यह सुन कर तीनों ने उनके साथ गालीगलौज करते हुए फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जमीन बेचने की बात कह कर एक दंपती और उसके बेटे ने एक व्यापारी से 23 लाख रुपये ले लिए। जांच में पता लगा कि जमीन बैंक में बंधक रखी हुई है। मामले को लेकर रानीफाटक, औसानगंज निवासी व्यापारी ओमप्रकाश जायसवाल की तहरीर पर जैतपुरा थाने में दंपती और उनके बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। व्यापारी ओमप्रकाश जायसवाल ने पुलिस को बताया कि कोयला बाजार निवासी लक्ष्मण प्रसाद सेठ, उसका बेटा विशाल सेठ और पत्नी रेनू सेठ उनके पूर्व परिचित हैं। दंपती और उनके बेटे ने साजिश रच कर तुलसीपुर स्थित अपनी जमीन का सौदा उनसे 32 लाख रुपये में तय किया। 23 लाख रुपये लक्ष्मण सेठ को गवाहों के सामने दिए। ओमप्रकाश ने कहा कि जब उन्होंने जमीन की जांच कराई तो पता लगा कि उसे लक्ष्मण सेठ स्टेंट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर में बंधक रखा हुआ है। उन्होंने लक्ष्मण सेठ को बुलाकर कहा कि बैंक का ऋण अदा करें तभी वह जमीन का बैनामा कराएंगे। अन्यथा की स्थिति में पैसा वापस कर दीजिए।




# संभल में मिली बावड़ी पर चंदौली सांसद के बिगड़े बोल, राजा-महाराजा के अय्याशी का बताया अड्डा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** संभल में मिली बावड़ी को लेकर चंदौली सांसद द्वारा दिए गए विवादित बयान पर घमासान मचा है। सोशल मीडिया पर लोग तरह- तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। चंदौली सांसद वीरेंद्र सिंह के शुक्रवार को एक चैनल पर दिए इंटरव्यू को लेकर सोशल मीडिया पर घमासान मचा हुआ है। दरअसल इंटरव्यू के दौरान सांसद ने कहा कि संभल में जो बावड़ी मिली है वह राजा-महाराजाओं के अय्याशी का अड्डा थी। जिसके बाद सोशल मीडिया पर तमाम तरह के कमेंट और पोस्ट किए जा रहे हैं। कई लोग सांसद के बयान को अशोभनीय और शर्मनाक बता रहे हैं। अमर उजाला से बातचीत में सांसद वीरेंद्र सिंह ने बताया कि संभल रियासत के राजा रहे चंद्रविजय सिंह को उस समय की लोकतांत्रिक पार्टी से मुरादाबाद का सांसद बनाया गया था। बातचीत के दौरान चंद्रविजय सिंह ने ही बताया था कि बावड़ी पर सैनिक और राजा-महाराजा रूका करते थे। जब चौहान वंश का शासन था तब भी पृथ्वीराज चौहान के सैनिक और शिकार को गए राजा वहां रूकते थे। बावड़ी को धार्मिक रंग देने की कोशिश की जा रही है, जो गलत है।



## कॉरिडोर बनने के बाद महाकुंभ में पहली बार विराजेंगे बाबा विश्वनाथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** कॉरिडोर बनने के बाद महाकुंभ में पहली बार बाबा विश्वनाथ विराजेंगे। टेंट सिटी में विराजमान श्री काशी विश्वनाथ की प्रतिकृति का दर्शन देशभर से आने वाले साधु-संत और श्रद्धालु करेंगे। श्री काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद पहली बार त्रिवेणी के संगम पर काशीपुराधिपति के दर्शन होंगे। प्रयागराज में बसने वाली टेंट सिटी में श्री काशी विश्वनाथ की प्रतिकृति विराजमान कराई जाएगी। टेंट सिटी में देशभर से आने वाले साधु-संत और श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर सकेंगे। दर्शन-पूजन के साथ ही रुद्राभिषेक की भी सुविधा श्रद्धालुओं को मिलेगी। मंदिर न्यास ने भूमि आवंटन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ में आने वाले सनातनी बाबा विश्वनाथ का दर्शन कर सकेंगे। बाबा का ज्योतिर्लिंग प्रतीक स्वरूप में स्थापित किया जाएगा। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की तरह ही संगम तट पर बाबा के दरबार में भी चार प्रहर की आरती के दर्शन होंगे। श्रद्धालु के लिए रुद्राभिषेक और अनुष्ठान के इंतजाम भी रहेंगे। प्रयाग के बाद श्रद्धालु और संत बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए बनारस आते हैं। सुगम दर्शन के काउंटर से श्रद्धालु अपनी सुविधानुसार दर्शन, आरती और अनुष्ठान की बुकिंग पहले ही करा सकेंगे।


# रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली

## सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की मलिकमऊ कालोनी के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैः-

| क्रम संख्या | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड /भवन /फ्लैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता/पति का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | अन्तरण/नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीमती निर्मला पाठक पत्नी स्व0 पी0एन0 पाठक निवासी दूरभाष नगर, रायबरेली | भवन संख्या ई0 डब्लू0ए स0–10 | मलिकमऊ कालोनी | श्री प्रकाश नारायण पुत्र स्व0 महेन्द्र दत्त पाठक | निवासी सेक्टर– I, दूरभाष नगर, रायबरेली | मृत्यू उपरान्त नामान्तरण | पूर्ण स्वामित्व यूक्त सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन/भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली को प्रस्तुत कर सकता/सकती है अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नही किया जायेगा।


सचिव
रायबरेली विकास प्राधिकरण
रायबरेली।


# नशे के लिए नहीं दिए पैसे, तो नाबालिग ने फावड़े से काट कर मार डाला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नाबालिग ने अपने दादा- दादी की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। गांजा पीने के लिए पैसे नहीं देने पर तालर गांव में पाही पर मड़हा बनाकर रह रहे दादा-दादी पर शनिवार की शाम को नाबालिग पौत्र ने फावड़े से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद पौत्र ने अपने सिर पर भी फावड़ा मारकर ब्लेड से गला काट लिया। जानकारी होने पर परिजन पहुंचे तब तक दादा-दादी की मौत हो गई। घायल आरोपी पौत्र को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उसे डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। तालर गांव निवासी नरसिंह कोल के पिता पितांबर (85) व मां हीरावती (80) पिछले 10 साल से घर से डेढ़ किमी दूर जंगल की ओर पाही पर मड़हा बनाकर रह रहे थे। दोनों खेत की रखवाली करते थे। नरसिंह कोल का सबसे छोटा पुत्र 15 वर्षीय छोटू शनिवार को शाम को पाही पर दादा-दादी के पास पहुंचा। वहां वह गांजा पीने के लिए पैले मांगने लगा और काटने व मारने की बात कहने लगा।यह सुनकर पड़ोस के एक लड़के ने छोटू के घर पर जाकर उसके पिता नरसिंह को इसकी जानकारी दी। उधर छोटू ने मड़हे के अंदर सरिया से दादा पितांबर पर हमला कर दिया। इसके बाद फावड़े से उनके गले पर वार किया। गला कटने से लहूलुहान होकर दादा गिर गए तो उनके सिर पर फावड़े से मारा। बचाव करने दादी हीरावती आईं तो उनके भी सिर पर फावड़े से हमला किया। घर में चावल बिखेर कर दरवाजा बंद कर बाहर आ गया।



# सोनभद्र, मिर्जापुर



## महिला तस्कर गिरफ्तार, सत्तर हजार नकद बरामद

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**मिर्जापुर।** गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर रॉबट्र्सगंज कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम के साथ ब्रह्मबाबा मंदिर के पास दबिश दी। टीम ने पन्नूगंज के पकरहट निवासी



पुलिस ने ढ़ाई लाख की हेरोइन पकड़ी। महिला तस्कर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है और इस पूरे रैकेट के बारे में छानबीन कर रही है। रॉबट्र्सगंज कोतवाली पुलिस ने 2.5 लाख कीमत की हेरोइन के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 25.85 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। रॉबट्र्सगंज कोतवाल सतेंद्र राय गश्त पर थे। इसी दौरान रविवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर कस्बा चौकी उमा देवी को हिरासत में लिया। वह मंदिर के पास अखाड़ा मोहाल में रहती है। उसके कब्जे से 25.85 हेरोइन व ब्रिक्री के 70 हजार रुपया भी बरामद हुआ। मामले में महिला के बेटे अंशु उर्फ गोलू गिरी और ब्रह्मनगर निवासी सागर सोनकर को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राय थाना, सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक नागेश सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी कमलनयन दुबे आदि मौजूद रहे।

## नए साल पर घूमने के लिए बनारस गया था पूरा परिवार, चोरों ने खंगाल डाला घर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली गांव में एक मकान में घूसकर चोरों ने लाखों अंदर घुस गए। फिर कमरों का दरवाजा तोड़कर वहां आलमारी में रखे नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार की सुबह



का चूना लगा दिया। घर में रखी आलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी का आभूषण समेत नकदी उड़ा लिए। चोरों की करतूत कैमरे में कैद हो गई है। दवा कारोबारी एवं खनन व्यवसायी के घर पर सोमवार की रात चोरी हुई। गेट फांदकर घर में घुसे चोर तीन लाख रुपये नकदी, सोने-चांदी के आभूषण समेत करीब आठ लाख का सामान चुरा ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। फुटेज के आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। घटना के समय घर में कोई नहीं था। परिवार वाले बनारस गए हुए थे।ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली गांव निवासी देवेंद्र राय सोमवार को परिवार के साथ बनारस गए थे। घर में कोई नहीं था। रात करीब डेढ़ बजे दो चोर मेन गेट फांदकर नौकर साफ-सफाई के लिए घर पहुंचा तो ताला टूटा देखकर गृहस्वामी को सूचना दी। चोरी की सूचना पाकर सीओ हर्ष पांडेय मौके पर पहुंचे और छानबीन की। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चोर गेट से अंदर घुसते और कमरों में चोरी करते नजर आ रहे हैं। चोरों ने अपना चेहरा कपड़े से ढक रखा था। वह अपने साथ रॉड, हथौड़ी व अन्य हथियार भी रखे थे। परिजनों के मुताबिक चोर पांच आलमारी का लॉकर तोड़ नकदी, गहने समेत कीमती सामान ले गए। करीब तीन लाख रुपये नकदी सहित आठ लाख की चोरी हुई है। सीओ हर्ष पांडेय ने बताया कि पूरा परिवार बनारस गया था। उन्हें घटना की सूचना दी गई है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चार साल में 50 वर्ग किमी घटे सामान्य वन, झाड़ियां 14 फीसदी बढ़ीं

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** प्रदेश में सबसे ज्यादा वन क्षेत्र वाले जिले में जंगल तेजी से घट रहे हैं। पिछले चार वर्षों में कुल 137 वर्ग किमी वन क्षेत्र कम हुआ है। सबसे ज्यादा कमी सामान्य और खुले वन में आई है।वर्ष 2019 में सामान्य सघन वन का दायरा 967 वर्ग किमी था, जो भारतीय वन सर्वे की ताजा रिपोर्ट में घटकर 927 वर्ग किमी ही रह गया है। खुले वन में भी भारी गिरावट आई है। इसकी अपेक्षा झाड़ियों का दायरा बढ़ा है।वर्ष 2019 में 28 प्रतिशत झाड़ियां दर्ज की गई, जो अब बढ़कर 42 प्रतिशत तक पहुंच गई। राहत की बात यह है कि अत्यंत सघन वन में लगातार वृद्धि हो रही है। कुल 6905 वर्ग किमी क्षेत्रफल में फैले सोनभद्र का दो तिहाई हिस्सा वन क्षेत्र है। यहां सोनभद्र, रेणुकूट और ओबरा के रूप में तीन वन प्रभाग स्थापित हैं। वनों की देखरेख का जिम्मा इन्हीं का है। इसके अलावा वन्य जीवों की देखभाल के लिए अलग से कैमूर वन्य जीव प्रभाग अलग से हैं। वन कर्मचारियों की बड़ी संख्या होने के बाद भी वन क्षेत्रफल में लगातार गिरावट आ रही है। यह स्थिति तब है, जबकि पिछले तीन सालों में करीब चार करोड़ नए पौधे रोपे गए हैं। सिर्फ वर्ष 2024 में ही अभियान लगाकर 1.55 लाख पौधे लगाए गए हैं। इससे पहले वर्ष 2023 में 1.39 लाख और वर्ष 2022 में भी तकरीबन 1.20 करोड़ पौधे रोपे गए थे। हर साल बड़ी संख्या में पौधरोपण के बाद भी वनों का घटता दायरा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। मध्यम और खुले वन के पीछे बड़ी वजह उनकी सुरक्षा को लेकर लापरवाही है। संरक्षित क्षेत्रों में तो लगातार निगरानी और सख्ती के चलते वन सुरक्षित रह रहे हैं, लेकिन खुले क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से चल रही है। रेणुकूट वन प्रभाग के अंतर्गत म्योरपुर, बीजपुर और बभनी थाना क्षेत्रों में पिछले एक साल में खैर, साखू, शीशम जैसे इमारती लकड़ियों की कटाई के कई मामले सामने आ चुके हैं, जबकि ज्यादातर मामलों में वन माफिया कटान के बाद लकड़ी को सुरक्षित निकालने में कामयाब रहते हैं। इसी तरह ओबरा और सोनभद्र वन प्रभाग में भी अवैध कटान के मामले लगातार आ रहे हैं। इसके अलावा नई सड़कों, परियोजनाओं के कारण भी पेड़ों की कटाई बड़ी संख्या में हुई है। इसके बदले नए पौधे भी लगाए गए हैं, लेकिन ज्यादातर जगहों पर देखरेख के अभाव में पेड़े बनने से पहले ही पौधे सूख गए।

## नौकरी न मिलने से दुखी प्रतियोगी छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**मिर्जापुर।** अनपरा तापीय परियोजना के आवासीय परिसर में एक कर्मचारी के पुत्र ने सोमवार को फंदा लगाकर जान दे दी। उसका शव परियोजना के आवासीय परिसर स्थित हाथी पार्क के सामने द्वितीय-713 में रहता था। सोमवार की दोपहर पिता चौधरी सिंह यादव ड्यूटी पर चले गए। शाम को मां से उतारकर परियोजना अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपक के पिता अनपरा तापीय परियोजना के सीजीएम कार्यालय में सीए बाबू



पंखे के सहारे साड़ी के फंदे से लटकता मिला। परिजनों के मुताबिक वह कई वर्षों से नौकरी पाने के लिए तैयारी कर रहा था। सफलता न मिलने से वह आहत था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया। दीपक यादव (26) अपने माता-पिता के साथ अनपरा तापीय कॉलोनी में टहलने गई थी।इस बीच दीपक ने साड़ी के फंदे से पंखे के सहारे लटककर जान दे दी। जब मां लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने पर भी उत्तर न मिलने पर पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों ने किसी तरह दरवाजा खोला और युवक को फंदे के पद पर कार्यरत हैं। परिवार मूल रूप से गाजीपुर का रहने वाला है। दीपक परिवार का बड़ा बेटा था। प्रयागराज से बीटेक की पढ़ाई के बाद पिछले तीन वर्ष से नौकरी की तैयारी कर रहा था। सफलता न मिलने से वह तनाव में रहता था।

## कॉन्स्टेबल की हालत गंभीर, हेरोइन तस्कर को पकड़ने पहुंची थी टीम

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** यूपी के सोनभद्र में हेरोइन तस्करों ने पुलिस टीम पर बीती रात हेरोइन तस्करों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। पुलिस उन्हें पकड़ने पहुंची थी। हमले में



ही हमला बोल दिया। बीती रात पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए गई थी। एक तस्कर पकड़ाया तो वह चिल्लाने लगा, इस पर उसके साथी भी जुट गए और पुलिस पर ही हमला बोल दिया।सोनभद्र के अनपरा थाना क्षेत्र के डिबुलगंज में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दो हमलावरों को गिरफ्तार किया है। पांच अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही थी। हेरोइन बिक्री की सूचना पर बीती रात करीब साढ़े आठ बजे अनपरा थाने के एसआई सच्चिदानंद दास, हेड कॉन्स्टेबल अनिल कुमार के साथ डिबुलगंज पहुंचे थे। पुलिस ने जैसे ही एक तस्कर को पकड़ा तो वह शोर मचाने लगा। आवास सुनकर अन्य साथी व परिवार के सदस्य भी पहुंचे और पुलिस पर लाठी-डंडे व पत्थरों से हमला बोल दिया। हमले में हेड कॉन्स्टेबल अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर अनपरा एसओ शिव प्रताप वर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घायल हेड कॉन्स्टेबल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे डॉक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया। पिपरी सीओ अमित कुमार ने बताया कि एसआई की तहरीर पर सात नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना में शामिल रोहित भारती और रीना भारती को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## आधी रात में हाथ में हथियार लिए गलियों में दिखे संदिग्ध, सक्रिय हुई पुलिस; लोगों से की ये अपील

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में कोतवाली पुलिस चौकी के पीछे रात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसके बाद स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई है और लोगों से




में संदिग्ध लोगों की चहलकदमी सतर्क रहने के लिए अपील की है। सोनभद्र जिले की कोतवाली पुलिस चौकी के ठीक पीछे गली में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की चहलकदमी ने खलबली मचा दी है। उनकी तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई है। संदिग्धों ने चेहरा ढक रखा है। उनके हाथ में सब्बल भी है। फुटेज सामने आने के बाद कोतवाली पुलिस अलर्ट हो गई है। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात कुछ संदिग्ध युवक नगर के गलियों में भ्रमण करते दिखे। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। नगर में लोगों से अपील की जा रही है कि घर के बाहर बाइक व अन्य सामान को खुले में न छोड़ें। रात में एक बार अपने घरों के आस पास नजर जरूर बनाए रखें। जल्द ही उन्हें पकड़कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ठंड में फूलने लगीं सांसें, रोज भर्ती हो रहे 8-10 मरीज; डॉक्टर दे रहे मरीजों को ये खास सलाह

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।**ठंड में बुजुर्गों व बच्चों में वायरल बुखार, खांसी-जुकाम जैसी समस्याएं बढ़ गई हैं।इसके अलावा दमा, अस्थमा व सांस लेने में दिक्कत के मरीज भी बढ़ गए हैं। ऐसे में डॉक्टर सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। सर्दी में शीतलहर लोगों की दिक्कतें बढ़ाने लगी है। सुबह और शाम के समय गलन भरी ठंड का अहसास हो रहा है। इससे जहां बुजुर्गों की दिक्कतें बढ़ गई हैं तो वहीं बच्चे और युवाओं पर भी इसका असर देखा जाने लगा है। वायरल बुखार, खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या में इजाफा हो गया है। इसके अलावा दमा, अस्थमा व सांस लेने में दिक्कत के मरीज भी बढ़ गए हैं। जिला अस्पताल में रोजाना 8-10 मरीज भर्ती हो रहे हैं। चिकित्सक अस्थमा के मरीजों को सुबह-शाम बाहर न घूमने की सलाह दे रहे हैं।जिले में चार दिनों पूर्व बारिश के बाद से शीतलहर का असर दिखाई दे रहा है। कोहरे का प्रभाव भी बढ़ा है। जिले के निजी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल में पहुंचने वाले 50 फीसदी मरीज सांस संबंधित बीमारियों के हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो रोजाना सांस और दमा के आठ से दस मरीज भर्ती हो रहे हैं। कइयों को ऑक्सीजन देना पड़ रहा है। इसी तरह निजी अस्पतालों में भी लोग पहुंच रहे हैं।



## बैठक में नहीं पहुंचे बिजली और वन विभाग के अधिकारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**मिर्जापुर।** ब्लॉक सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख रंजना चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ पेयजल, पंचम वित्त सहित कुल 14 बिंदुओं पर चर्चा की गई। विद्युत निगम व वन विभाग के कोई अधिकारी कर्मचारी बैठक में नहीं पहुंचे। जिस पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई।मौजूद विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में चल रही योजनाओं को बताया। ताकि योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा सके। एसीएमओ डॉ. सुमन जायसवाल ने टीबी मुक्त अभियान पर जानकारी दी।कार्यक्रम संयोजक बीडीओ रामविशाल चौरसिया, एडीओ पंचायत आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि शौचालय, आवास सहित अन्य योजनाएं सरकार की तरफ से चलाई जा रही है। योजना का लाभ किसी व्यक्ति विशेष को नहीं, बल्कि सभी वर्ग के लोगों में लाभ दिया जा रहा है। इसमें किसी भी तरह की समस्या आती है तो इसे तत्काल मुझे सूचना दें। ताकि निस्तारण किया जा सके। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, गूंजा देवी, सुरेश चंद्र, निरंजन जायसवाल, सुभाष कुमार व सभी सचिव उपस्थित रहे। संचालन बीओपीआरडी धर्मेंद्र सिंह ने किया।

## सड़क हादसों में साइकिल सवार छात्रा समेत छह घायल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**मिर्जापुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में साइकिल सवार छात्रा समेत छह लोग घायल हो गए। नजदीकी अस्पतालों में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पहली घटना रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के पटना गांव की है। पटना गांव निवासी गूंजा (20) गांव में ही विद्यालय में इंटर की छात्रा है। वह सोमवार की सुबह साइकिल से स्कूल जा रही थी। गांव से बाहर मुख्य मार्ग पर पहुंची, तभी सिल्थम गांव की तरफ से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार छात्रा और बाइक सवार बिहार के अधौरा निवासी सूरजमल पासवान (25), धर्मेंद्र पासवान (40), मांची थाना क्षेत्र के सोमा गांव निवासी भुवनेश्वर (32) घायल हुए। मौके पर आई पुलिस ने सभी घायलों को पीएचसी चतरा भेजा, जहां से डॉक्टर ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया दूसरी घटना डाला के बग्घानाला ओवरब्रिज की है। सोमवार दोपहर चोपन की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। हादसे में सवार शाहगंज निवासी अवधेश और चुर्क बाजार निवासी सोनू घायल हो गए। घायलों को चोपन सीएचसी में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को सड़क से हटाकर आवागमन को सुचारू कराया।

## सोनभद्र के दो युवकों की भी हुई थी मौत, शव पहुंचते ही मचा कोहराम; बिलख पड़े मासूम बच्चे

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** गुजरात के भरूच जिले के दाहेज इलाके में स्थित एक रासायनिक संयंत्र (केमिकल प्लांट) में गैस रिसाव की चपेट में आकर चार श्रमिकों की मौत हो गई थी। प्लांट में गैस का रिसाव बीती रात करीब 10 बजे हुआ था, जिसकी चपेट में आए चार कर्मचारियों की रविवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।गुजरात के भरूच स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में बीती रात जहरीली गैस रिसाव से कोन कस्बे के दो युवकों की मौत हो गई थी। मंगलवार की सुबह जब दोनों के शव उनके गांव पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक व्याप्त है कोन कस्बे के सुचित कुमार (40) पुत्र सुग्रीव कन्नौजिया और महेश कुमार (22) पुत्र नंदलाल गुप्ता अपने दोस्तों के साथ काम की तलाश में गुजरात गए थे। वहां वे भरूच की एक केमिकल फैक्ट्री में काम कर रहे थे। शनिवार रात नाइट ड्यूटी के दौरान फैक्ट्री में जहरीली गैस का रिसाव हुआ, जिससे दोनों बेहोश हो गए। कंपनी ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।मंगलवार सुबह एम्बुलेंस से दोनों के शव गांव पहुंचे, तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। आसपास के ग्रामीण भी शोक व्यक्त करने के लिए उनके घरों पर जमा हो गए। सुचित के तीन छोटे बच्चे हैं। इसमें दो बेटे और एक बेटी है। वहीं, महेश अविवाहित था। दोनों युवकों के घर पास-पास स्थित होने के कारण पूरे इलाके में मातम छा गया। कंपनी ने तत्काल दाह-संस्कार के लिए परिजनों को बीस हजार रुपये की सहायता दी है। इसके साथ ही 15 दिनों के भीतर मृतकों के परिवार को 30-30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का आश्वासन दिया गया है। इस हादसे में कुल चार युवकों की मौत हुई है, जिनमें से दो कोन कस्बे के और दो झारखंड के रहने वाले थे। ग्रामीणों ने इस घटना पर गहरा शोक प्रकट करते हुए पीड़ित परिवारों को न्याय और उचित मुआवजे की मांग की है। इस दर्दनाक हादसे ने न केवल प्रभावित परिवारों बल्कि पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

## सोनभद्र में पांच वाहन आपस में टकराए, दो लोगों की मौत; नौ घायल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में नए साल के पहले दिन बुधवार को भीषण हादसे में दो लोगों की जान चली



गई। जबकि पांच लोग अस्पताल में भर्ती हैं। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। सोनभद्र जिले पिपरी थाना क्षेत्र के मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर नए साल के पहले दिन ही भीषण हादसा हुआ। एक के बाद एक पांच वाहन टकरा गए। हादसे में एक ट्रक चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ घायलों को हिंडाल्को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद मुख्य मार्ग पर घंटों आवागमन प्रभावित रहा। छत्तीसगढ़ के रायपुर से लोहे की प्लेट लादकर गाजियाबाद जा रहे एक ट्रक का बुधवार की सुबह रनटोला के पास ब्रेक फेल हो गया। ढलान पर अनियंत्रित ट्रक ने एक बोलेरो में टक्कर मार दी। बोलेरो बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गया। हादसे में बोलेरो सवार छह लोग घायल हो गए। उधर, ट्रक ने एक खड़े कंटेनर को भी धक्का मारा, जिससे कंटेनर पीछे की तरफ जंगल में एक पेड़ से टकरा गया। कंटेनर की चपेट में आने से एक बाइक सवार दूर छिंटककर सड़क किनारे खाई में चला गया। कंटेनर से बगल से गुजर रही एसिड लदे टैंकर में भी टक्कर लगी। दूसरी ओर कंटेनर से टकराकर रुके ट्रक में तेज झटके के कारण लोहे के प्लेट केबिन तोड़कर चालक के ऊपर आ गए। इसमें दबने से चालक एटा जिले के मलावन थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी नरेश (40) की मौत हो गई। इन लोगों को आईं चोटें इस हादसे में कंटेनर के चालक एटा के साकेत निवासी सूरजन सिंह, खलासी रिंकू, बाइक सवार दुद्धी के कटौली निवासी कमलेश, मनजीत को भी चोटें आईं। बोलेरो सवार किरबिल निवासी राहुल, उसका भाई अजय, पत्नी सपना गुप्ता, अजय की पत्नी निशा, उसका लड़का हर्ष और भतीजा अयांश भी घायल हुए। वह सभी किरबिल से डाला वैष्णो मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल पुलिस ने सभी घायलों को हिंडाल्को चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने मनजीत को भी मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर पहुंचे पिपरी थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह और रेणुकूट चौकी प्रभारी राजेश चौबे ने क्रेन की मदद से हादसे के बाद मलबे को हटाकर ट्रक चालक के शव को बाहर निकलवाया। हादसा ग्रस्त वाहनों को किनारे कराकर यातायात बहाल कराया।

## नए साल भारी भीड़, गुलजार रहे जिले के धार्मिक एवं पर्यटन स्थल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** नए साल का पहला दिन उल्लास से भरा दिखाई दिया। धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ी। डाला स्थित माता वैष्णो मंदिर में भक्त पहुंचे तो वहीं मुक्खा फाल सहित अन्य पर्यटन स्थल भी गुलजार रहे। नए वर्ष का उल्लास बुधवार को हर तरफ छाया रहा। साल के पहले दिन परिवार और दोस्तों के साथ मंदिरों में पहुंचकर लोगों ने शीश नवाया तो पर्यटन स्थलों पर जमकर मौज मस्ती भी की। डाला स्थित वैष्णो मंदिर में सुबह ही भक्तों की भीड़ रही। शाम तक करीब दस हजार लोगों ने माथा टेका।पंचमुखी महादेव मंदिर में भी तीन हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। मिनी गोवा अबाड़ी, जोरकहू, खंता, इको प्वाइंट, मुक्खा फाल सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। दूसरी ओर घरों, होटल, रेस्टूरेंट में भी नए वर्ष का जश्न मना। नए साल को खास बनाने जगह-जगह सजे फूल व गिफ्ट आइटम खरीदने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रहीं। नगर से सटे रौंप



के लिए एक दिन पहले से लोग तैयारी में जुट गए थे।मंगलवार की रात में 12 बजे के बाद सड़कों पर निकलकर लोग आतिशबाजी करते हुए नए साल का स्वागत किया। बुधवार की सुबह लोग अपनों से मिलकर नए साल की बधाई दी। वहीं रिश्तेदार, मित्र और दूर रह रहे लोगों को सोशल मीडिया पर बधाई संदेश भेजते रहे।नगर में पहाड़ी स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर पहुंचकर बड़ी संख्या में लोगों ने दर्शन पूजन किया।मारकुंडी पहाड़ी स्थित पर्यटन स्थल सोन ईको प्वाइंट, मिनी गोवा, घोरावल क्षेत्र में स्थित पिकनिक स्पॉट मुक्खाफाल समेत अन्य पिकनिक स्पॉट एवं धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर लोग अपने नए साल की शुरुआत की।

# स्पोर्ट्स



## मेलबर्न में जब पिछली बार उतरे थे विराट कोहली तो मचाई थी तबाही, फैंस को एक और बड़ी पारी का इंतजार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दो साल पहले टी20 विश्व कप 2024 के दौरान विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंद में नाबाद 82 रन बनाकर भारत को असंभव सी जीत दिलाई थी। तब मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर जमा 90 हजार से ज्यादा दर्शकों की जुबां पर एक ही नाम था...विराट कोहली । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 26 दिसंबर से मेलबर्न में चौथा टेस्ट खेला जाएगा। पांच मैचों की सीरीज तीन मैचों के बाद फिलहाल 1-1 से बराबर है। पर्थ में खेला गया मुकाबला भारत ने 295 रन से जीता था, जबकि एडेलिड में दूसरे डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत हासिल की थी। इसके बाद गाबा में तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा। अब चौथा टेस्ट जो कि एक बॉक्सिंग डे टेस्ट है, उसमें दोनों टीमें बढ़त लेने उतरेंगी। मेलबर्न में जब पिछली बार विराट कोहली मैदान पर उतरे थे तो उन्होंने तबाही मचाई थी और पाकिस्तान के खिलाफ एक असंभव जीत दिलाई थी।यह मुकाबला दो साल पहले टी20 विश्व कप 2024 के दौरान खेला गया था। तब विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंद में नाबाद 82 रन बनाकर भारत को असंभव सी जीत दिलाई थी। तब मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर जमा 90 हजार से ज्यादा दर्शकों की जुबां पर एक ही नाम था...विराट कोहली । इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारियों में दर्ज इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को भी करारा जवाब दिया था। दो साल बाद प्रारूप अलग है, लेकिन हालात वही। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में पर्थ में शतक जमाने के बाद बाकी पांच पारियों में कोहली 26 रन ही बना सके हैं, लेकिन उनके फैंस को यकीन है कि अपने पसंदीदा मैदान एमसीजी पर उनका बल्ला चलेगा। मेलबर्न में उनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि टूर गाइड से लेकर सुरक्षाकर्मियों तक, सभी की जुबां पर उन्हीं का नाम है। एमसीजी पर ऑस्ट्रेलियाई खेल संग्रहालय के टिकट काउंटर पर पहुंचते ही कोहली की तस्वीरों से ही सामना होता है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर 2018-19 में पहली बार सीरीज जीतने के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को चूमते हुए और एमसीजी पर तीसरे टेस्ट में टीम के साथ जश्न



मनाते हुए कोहली की तस्वीरें लगी हैं। इसके साथ ही लिखा है 'कोहलीज कॉन्करर्स (कोहली की विजेता टीम )'। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने का भारत का इंतजार 2018-19 में ही खत्म हुआ था। एमसीजी टूर कराने वाले गाइड डेविड एक घंटे के टूर में बार-बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और बॉक्सिंग डे टेस्ट का जिक्र करते हुए इसे 'ब्लॉकबस्टर' मैच बताते हैं। कोहली का जिक्र उनकी बातों में बार-बार आता है। हालांकि, उनके अपने पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर शानदार फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। डेविड ने कहा, 'यह ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ा टेस्ट है और भारत-ऑस्ट्रेलिया मुकाबले से ज्यादा रोमांचक क्या हो सकता है। मुझे इसका बेताबी से इंतजार है। हम उम्मीद करते हैं कि विराट का बल्ला यहां नहीं चले।' पर्थ में रहने वाली गुजरात की सलोनी खास तौर पर मेलबर्न टेस्ट देखने क्रिसमस की छुट्टियों में यहां आई हैं। उन्होंने कहा, 'पहली बार मैंने पर्थ में स्टेडियम में टेस्ट देखा और बहुत खुशी है कि विराट ने उस मैच में शतक जमाया था। बाकी मैचों को लेकर काफी रोमांचित हूं। मेलबर्न में बहुत अच्छा मैच होने वाला है। मुझे विराट की आक्रामकता बहुत पसंद है। मैदान पर उन्हें देखने में मजा आता है। उनकी फिटनेस का जवाब नहीं है।' कोहली ने पहला बॉक्सिंग डे टेस्ट 2011 में खेला था और सातवें नंबर पर उतरकर पहली पारी में 11 रन बनाए थे और दो कैच भी लपके थे। दूसरी पारी में वह खाता नहीं खोल सके। फिर 2014 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 169 रन बनाए थे और अजिंक्य रहाणे के साथ 262 रन की साझेदारी की थी। दूसरी पारी में भी 54 रन बनाकर उन्होंने मैच ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई थी। ऑस्ट्रेलिया में पिछली बार कोहली ने कोई बॉक्सिंग डे टेस्ट 2018 में खेला था। तब मेलबर्न में कप्तान कोहली ने पहली पारी में इस मैदान पर 82 रन बनाए थे, लेकिन दूसरी पारी में खाता नहीं खोल सके थे। उस मैच में उन्होंने मिचेल मार्श और एरोन फिंच के कैप लपके थे। बुमराह ने नौ विकेट लेकर भारत की 137 रन से जीत की नींव रखी और बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त दिलाने में मदद की थी। कोहली दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मैदान पर अब तक तीन टेस्ट में 52.66 की औसत से 316 रन बना चुके हैं जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। भारत के लिए एमसीजी पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर (10 मैचों में 449 रन) से वह 133 रन और रहाणे (छह मैचों में 369 रन) से 53 रन पीछे हैं।कोहली के साथ ही भारतीय टीम के लिए भी एमसीजी टेस्ट में भाग्यशाली मैदान रहा है। इसी मैदान पर 1978 में भारत ने पहली बार ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर 222 रन से जीत दर्ज की थी और भागवत चंद्रशेखर ने उस मैच में 12 विकेट लिए थे। सीरीज जीतने के लिए भारत को 71 साल इंतजार करना पड़ा और कोहली की कप्तानी में यहीं पर 2018-19 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेस्ट सीरीज जीती थी।

## पीएम मोदी ने अश्विन को लिखा पत्र, खेल के लिए समर्पण की भावना को सराहा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने लिखा, हम सभी को याद है कि कैसे आप अपनी मां के अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद टीम में योगदान देने के लिए वापस आए। चेन्नई में बाढ़ के दौरान आप अपने परिवार से संपर्क नहीं कर पाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व भारतीय दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को उनके शानदार करियर के लिए बधाई देते हुए कहा कि आपने ऑफ स्पिन की जगह कैरम बॉल डालकर सभी को बोल्ड कर दिया। अश्विन ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास ले लिया था। प्रधानमंत्री ने अश्विन को लिखे पत्र में उनकी विपरीत परिस्थितियों में ईमानदारी






और प्रतिबद्धता की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने लिखा, हम सभी को याद है कि कैसे आप अपनी मां के अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद टीम में योगदान देने के लिए वापस आए। चेन्नई में बाढ़ के दौरान आप अपने परिवार से संपर्क नहीं कर पाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते रहे। जिस तरह से आपने खेल के विभिन्न प्रारूपों के अनुरूप अपने दृष्टिकोण को ढाला, वह टीम के लिए एक संपत्ति थी। कई विश्लेषकों और साथियों ने आपके तेज क्रिकेट दिमाग की प्रशंसा भी की है। उन्होंने आगे लिखा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से आपके संन्यास की घोषणा ने भारत और दुनिया भर के प्रशंसकों को चौंका दिया। ऐसे समय में जब हर कोई और अधिक ऑफ ब्रेक गेंद की उम्मीद कर रहा था, आपने कैरम बॉल डालकर सभी को बोल्ड कर दिया। भारत के लिए शानदार करियर के बाद आपके लिए भी यह एक कठिन निर्णय रहा होगा। एक ऐसे करियर के लिए मेरी हार्दिक बधाई स्वीकार करें जो शानदार, कड़ी मेहनत और टीम को हर चीज से ऊपर रखने से भरा रहा है।

## राहुल के बाद अब चोटिल हुए कप्तान रोहित, मेलबर्न टेस्ट से पहले अभ्यास के दौरान घुटने में लगी चोट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में 26 दिसंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा मुकाबला खेला जाना है और इसके चार दिन पहले ही रोहित का चोटिल होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चोटिल हो गए हैं। रोहित को रविवार को अभ्यास के दौरान घुटने में चोट लगी है। दरअसल, रोहित थ्रो डाउन विशेषज्ञ के साथ अभ्यास कर रहे थे, तभी गेंद उनके पैड को छूते हुए घुटने पर जा लगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में 26 दिसंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा मुकाबला खेला जाना है और इसके चार दिन पहले ही रोहित का चोटिल होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय टीम की नजरें अगले टेस्ट मैच को जीतकर सीरीज में बढ़त हासिल करने पर टिकी होगी। रोहित से पहले भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल भी अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे। राहुल के हाथ में चोट लग गई थी जिसके बाद फिजियो को मैदान पर आना पड़ा था। सोशल मीडिया पर रोहित की तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिसमें वह अपने घुटने में आईस पैक लगाते दिख रहे हैं। रोहित इस सीरीज में फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। अभी तक यह पता नहीं चला है कि रोहित की चोट कितनी



गंभीर है, लेकिन अभ्यास के दौरान वह दर्द में दिखे। वहीं, राहुल की चोट को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है और टीम प्रबंधन ने भी इस बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है कि उन्होंने चिकित्सा सहायता क्यों मांगी। राहुल मौजूदा दौरे पर फॉर्म में हैं, उन्होंने छह पारियों में 47 के प्रभावशाली औसत से 235 रन बनाए हैं। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने रोहित और राहुल की चोट को लेकर चिंताओं को खारिज किया है। अभ्यास सत्र के दौरान जब आकाश दीप से रोहित की चोट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जब आप क्रिकेट खेलते हो तो चोट लगती ही है। यह चिंता का विषय नहीं है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में भारत का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया पर भारी है। पिछले 10 वर्षों में टेस्ट में यह ग्राउंड भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर 2014 से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल तीन मुकाबले खेले हैं और उसे दो में जीत मिली है, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। वहीं, पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम पिछले 10 वर्षों में एमसीजी पर भारत के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी है। यह आंकड़े भारत के लिए राहत देने वाले हैं क्योंकि टीम की नजरें बढ़त हासिल करने पर टिकी हुई हैं।

## पहले वनडे में भारत की वेस्टइंडीज पर 211 रन से जीत, स्मृति मंधाना के बाद रेणुका सिंह भी चमकीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की 91 रनों की दमदार पारी की बदौलत 50 ओवर में नौ विकेट पर 314 रन बनाए। जवाब में मेहमान टीम 26.2 ओवर में 103 रन के स्कोर पर ही ढेर हो गई। मेजबानों के लिए रेणुका सिंह ने पांच विकेट लिए भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को पहले वनडे मैच में 211 रन से हरा दिया। रविवार को खेले गए मुकाबले में जीत के साथ हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। तीन मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला मंगलवार को खेला जाएगा, जिसमें टीम इंडिया अजेय बढ़त दर्ज करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी। बता दें कि, वडोदरा में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की 91 रनों की दमदार पारी की बदौलत 50 ओवर में नौ विकेट पर 314 रन बनाए। यह वनडे में टीम का पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में मेहमान टीम 26.2 ओवर में 103 रन के स्कोर पर ही ढेर हो गई। मेजबानों के लिए रेणुका सिंह ने पांच विकेट लिए। 315 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज शुरुआत से ही कमजोर नजर आई। पहली ही गेंद पर कियाना जोसेफ रन आउट हो गईं। मैथ्यूज बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। विलियम्स (03) और डॉटिन (08) भी 11 के स्कोर पर पवेलियन लौट गईं। इसके बाद विंडीज की टीम उबर नहीं पाई। 34 रन पर उसने छह विकेट खो दिए थे। कैंपबेल ने 21 और अंत में एल्फी फ्लैचर ने नाबाद 24 रन बनाकर विंडीज को सौ के पार कराया। रेणुका के पांच विकेट के अलावा प्रिया मिश्रा ने 22 रन पर दो विकेट लिए। तितास साधू और दीप्ति शर्मा को एक-एक सफलता अपने नाम करने में कामयाब रहीं। स्मृति मंधाना और पहला वनडे खेल रहीं दिल्ली की प्रीतिका के बीच पहले विकेट के लिए 110 रन की शतकीय हुई। प्रीतिका ने 69 गेंद में चार चौकों की मदद से 40 रन बनाए जबकि मंधाना ने 91 रन बनाए। स्मृति का यह सभी प्रारूपों में लगातार पांच पारियों में पांचवां अर्धशतक है। इससे पहले उन्होंने विंडीज के ही खिलाफ तीन टी20 मैचों में तीन अर्धशतक लगाए थे। स्मृति ने इसके बाद हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 160 के स्कोर पर मंधाना आउट हुईं। वह शतक नहीं लगा पाईं। 50 गेंद में दो चौकों, एक छक्के की मदद से 44 रन बनाने वाली हरलीन ने कप्तान हरमनप्रीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। हरमनप्रीत 23 गेंद में तीन चौकों, एक छक्के से 34 रन बनाकर रनआउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने अंत में 19 गेंद में तीन चौकों, एक छक्के की मदद से 31 रन बनाकर टीम को 300 तक पहुंचाया। दीप्ति 12 गेंद में 14 रन बनाकर नाबाद लौटीं। जायदा जेम्स ने 45 रन पर पांच विकेट लिए।





## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसन्न रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इंग्लैंड की टीम का एलान, स्टोक्स का कटा पत्ता, रूट की हुई वापसी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रविवार को बोर्ड ने टीम की घोषणा करते हुए बताया कि जोस बटलर इस टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करेंगे। वहीं, स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को 15 सदस्यीय स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम का एलान कर दिया है। रविवार को बोर्ड ने टीम की घोषणा करते हुए बताया कि जोस बटलर इस टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करेंगे। वहीं, स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को 15 सदस्यीय स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में वह चोटिल हो गए थे। इसके अलावा जो रूट की टीम में वापसी हुई है।ईसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के अलावा भारत दौरे के लिए भी टीम का एलान किया है। बता दें कि, इंग्लैंड की टीम अगले साल की शुरुआत में भारत का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। इन दोनों सीरीज में इंग्लैंड का नेतृत्व जोस बटलर ही करेंगे। वहीं, जो रूट नवंबर 2023 में खेले गए वनडे विश्व कप के बाद इस प्रारूप में पहली बार वापसी कर



रहे हैं। उन्हें टी20 सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना गया है। ईसीबी की तरफ से बताया गया है कि इंग्लैंड की टीम 17 जनवरी को भारत के लिए रवाना होगी। वहीं, 22 जनवरी से टी20 सीरीज का आगाज होगा। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए इंग्लैंड की टीमः जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड। भारत दौरे के लिए इंग्लैंड की टी20 टीमः जोस बटलर, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

# सम्पादकीय

## नए वर्ष में राजनीति की रंगत, पक्ष-विपक्ष में आपसी तल्खी बढ़ने के आसार

नए वर्ष का स्वागत अनेक आशाओं के साथ अवश्य किया जा रहा है, लेकिन बीता वर्ष बता रहा है कि इस नए वर्ष में टकराव की राजनीति जारी रहेगी। शायद आपसी तल्खी और बढ़ जाए। 2024 राजनीतिक विरासत ही कुछ ऐसी छोड़ कर जा रहा है। वैसे राजनीतिक टकराव की नींव वर्ष 2023 में ही तब पड़ गई थी, जब दो दर्जन विपक्षी दलों ने आईएनडीआईए बनाया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गौतम अदाणी के जरिये सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार किया, जिनकी साख भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी रही है। बीच-बीच में उजागर अंतर्विरोधों के बावजूद आईएनडीआईए 18वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा को अकेले दम बहुमत पाने से वंचित करने में सफल भी रहा, पर नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे मित्रों की बदौलत मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए। फिर भी लगातार दो लोकसभा चुनावों में पस्तहाल रहे विपक्ष को संजीवनी तो मिल ही गयी उसका असर भी नई संसद के पहले सत्र में दिखा, जब विपक्ष ज्यादा आक्रामक दिखा, पर फिर समीकरण बदल गए। पहले हरियाणा और फिर महाराष्ट्र में प्रचंड जीत से भाजपा ने विपक्ष के उत्साह की हवा निकाल दी। संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा के आक्रामक तेवर भी लौट आए तो आईएनडीआईए में तकरार दरारों में तब्दील होती दिखी। संसद के बीते सत्र में भीमराव आंबेडकर का मुद्दा भी जुड़ गया। यह तय है कि नए वर्ष में वक्फ बोर्ड और एक देश-एक चुनाव विधेयक पर भी जोर आजमाइश जारी रहेगी और समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर भी राजनीति गरमाएगी। इस सबकी छाया वर्ष 2025 पर पड़ेगी ही। आंबेडकर मुद्दे पर प्रदर्शन के दौरान भाजपा-कांग्रेस सांसदों में हुई धक्का-मुक्की मामले में राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हो चुकी है। यह मामला पिछली लोकसभा में मानहानि मामले में राहुल गांधी की सदस्यता समाप्ति के बाद भाजपा-कांग्रेस में चले टकराव के दूसरे संस्करण का रूप ले सकता है। भाजपा मामले को कानूनी रूप देना चाहेगी, जबकि कांग्रेस राजनीतिक। हालांकि अदाणी और ईवीएम मुद्दे पर कांग्रेस आईएनडीआईए में अकेली पड़ती दिख रही है, लेकिन आंबेडकर के मुद्दे को वह फिर 'गेम चेंजर' बनाना चाहेगी। साझा लाभ देख कर आईएनडीआईए भी आंबेडकर के मुद्दे पर एक स्वर में बोलता नजर आएगा इसकी पुष्टि इससे होती है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने भगवान का अपमान बताते हुए आंबेडकर के नाम पर स्कालरशिप शुरू करने का ऐलान कर दिया है। निःसंदेह भाजपा भी शांत नहीं बैठने वाली। जाहिर है इस मसले पर टकराव आगे भी देखने को मिलेगा। किसी की प्रतिबद्धता मापने का कोई पैमाना न भी हो, पर ऐसे भावनात्मक मुद्दों के चुनावी दोहन का मौका कोई नहीं चूकना चाहता नया साल शुरू होते ही फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव हैं। देश की राजधानी में सत्ता की 'हैट्रिक' करने वाली आप चौथी बार जनादेश मांगेगी, जबकि 27 साल से विपक्ष में बैठी भाजपा दिल्लीवासियों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह राजनीतिक शोध का विषय है कि पिछले तीन लोकसभा चुनावों में भाजपा को सभी सात सीटें जिताने वाली दिल्ली उसे विधानसभा चुनावों में क्यों नकारती रही है नए साल में दिल्ली के दिल में किसके लिए क्या है, वह तो चुनाव परिणाम बताएंगे, पर यह स्पष्ट है कि भाजपा और आप के बीच राजनीतिक टकराव चरम पर पंहुचेगा। टकराव कांग्रेस और आप के बीच भी बढ़ने वाला है। लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ीं कांग्रेस और आप विधानसभा चुनाव अकेले तो लड़ेंगी ही, एक-दूसरे पर तल्ख आरोप भी लगाएंगी। इसकी शुरूआत हो चुकी है।दिल्ली कांग्रेस के बड़े नेता अजय माकन ने आप से दोस्ती को गलती मानते हुए केजरीवाल को देश विरोधी करार दे दिया है।

# स्वागतम् 2025ः भाग-दौड़ के साथ अगर फुरसत की कद्र करें बस हंसते रहें साल 'हैप्पी' हो जाएगा

समय की चाल के साथ ख्वाबों में सलवटें पड़ जाती हैं। उन सलवटों को रंग देने का वक्त होता है नया साल और ऐसा तब होता है, जब वक्त के साथ हम खुद को बदलते हैं। भाग-दौड़ के साथ अगर फुरसत की कद्र करें और हर पल अपने निशाने को याद रखें तो जिंदगी में सावन तो झूम कर आएगा ही। संगीत में रिद्म सब कुछ है और यह रिद्म इन्सान की जिंदगी और प्रकृति में भी बहुत मायने रखती है। बायोरिद्म यानी हमारे दिल की धड़कन जब तक सही चलती है, तब तक जीवन भी सही चलता है और जब यह ऊपर-नीचे होती है तो सेल्स खराब होने लगते हैं। कोविड महामारी में हमें बताया गया कि जूते-चप्पल बाहर उतारकर आइए, हाथ मिलाने की जगह नमस्कार करिए। ये तो हमारे पुराने संस्कार थे। ऋषि-मुनियों ने हमारी संस्कृति, हमारे संगीत को बनाया, इसीलिए उसमें रिद्म है और यह रिद्म जीवन में बहुत जरूरी है। अभी मैं कहीं पढ़ रही थी कि लोगों में 64 प्रतिशत अवसाद बढ़ा है। इसको ध्यान में रखते हुए ही मैंने हर महीने के पहले रविवार को 'पॉजिटिव वीकेंड' नाम से कार्यक्रम शुरू किया। इसमें अमीर-गरीब, कोई भी व्यक्ति आकर बैठ सकता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि कैसे हम लोगों को पॉजिटिविटी की तरफ ले जाएं, क्योंकि संगीत वेलनेस और पॉजिटिविटी का सबसे बड़ा माध्यम है। दुनिया में और समाज में जो संघर्ष चल रहा है, उसमें म्यूजिकल मेडिटेशन, रिद्मिक मेडिटेशन उन्हें जीने की राह दिखाता है। संगीत का अर्थ ही है संस्कार। इसकी भाषा सबको जोड़ती है। इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि नए साल में हमें जीवन में अपनी संस्कृति और शास्त्रीय संगीत को जरूर शामिल करना चाहिए। अपने गुरु उस्ताद जाकिर हुसैन के जाने के बाद तबले के क्षेत्र में मेरी जिम्मेदारी बढ़ गई है। नए साल में मुझे 'शिव-शक्ति और तबला जुगलबंदी' तथा 'तबले पर रामायण' के अपने कॉन्सेप्ट को आगे बढ़ाना है। साथ ही देश के पहले हिंदुस्तानी और कर्नाटक महिला संगीतकारों के अपने ग्रुप 'स्त्री शक्ति' को और आगे ले जाना है। मेरे लिए नया साल एक नई शुरुआत है। मैं कोशिश करती हूं कि पिछले वर्ष जो गलतियां की हैं, वो दोबारा न करूं। मैं नए साल में एक लक्ष्य निर्धारित करती हूं कि अगले साल में मुझे क्या तीन टॉप चीजें अचीव करनी हैं, फिर उनको हासिल करने के लिए पूरी लगन के साथ मेहनत करती हूं। मेरा नजरिया यही रहता है कि जो इस साल किया है, अगले साल उससे भी बेहतर काम करूं। नया का मतलब ही होता है कि जीवन में अपने लिए, परिवार के लिए, देश के लिए, समाज के लिए कुछ नया किया जाए। इसलिए सभी को, खासकर युवाओं को नए साल में कुछ नया रचने का संकल्प लेना चाहिए। आजकल के माहौल को देखते हुए ऐसा लगता है कि सेल्फ लव, सेल्फ रिस्पेक्ट, सेल्फ एप्रिसिएशन सबसे ज्यादा महत्व रखते हैं। 'पीस ऑफ माइंड' बहुत महत्व रखता है। आप क्या कार्य करते हैं, वो कार्य आपको खुशी देता है या नहीं, यह बहुत मायने रखता है। इसलिए नया रचते समय यह भी ध्यान रखना चाहिए कि वह काम खुद को सुकून देता है। जो काम, जो इनोवेशन खुद को सुकून दे, उसे ही करना चाहिए। आजकल जिंदगी भाग-दौड़ भरी हो गई है, लेकिन जिंदगी में ठहराव बेहद जरूरी है। मैं कहना चाहती हूं कि अगर समय मिले तो कुछ पल सोशल मीडिया से दूर होकर जीवन जीया जाए, तो उससे सुंदर कुछ नहीं है। परिवार के साथ समय बिताएं। जिंदगी को खुलकर जीएं और किसी का दिल न दुखाएं, क्योंकि खुलकर जीने का मतलब यह नहीं है कि अपनी मस्ती में हम दूसरों को दुख दें, उन्हें कष्ट पहुंचाएं। मैं लोगों, खासकर युवाओं से यह कहना चाहती हूं कि नव वर्ष पर सभी लोग अपनी सेहत पर पूरा ध्यान दें, क्योंकि स्वास्थ्य अच्छा होगा तो कुछ भी पाया जा सकता है। साथ ही जीवन का लक्ष्य जरूर बनाएं, क्योंकि बिना लक्ष्य के सफलता नहीं मिलती। पहले लक्ष्य बनाएं और फिर पूरी लगन के साथ उसे हासिल करने में जुट जाएं। हर सुबह हम जो पहला काम करते हैं, वो हमारे पूरे दिन की दिशा तय करता है। इसी तरह एक अच्छा दिन पूरे साल को बेहतर बना सकता है। करीब तीन दशक पहले की बात है। पहली जनवरी की सुबह पुणे के गौतम द बुद्धा सभागार में हजारों ओशो संन्यासी ध्यान करने और हंसने के लिए जुटे और इसे पहला ओशो विश्व हास्य दिवस घोषित किया गया। दूरदर्शन ने इसका प्रसारण किया था। तब से यह आनंदमय तरीका दुनियाभर के ओशो मेडिटेशन सेंटर पर नए साल के स्वागत की एक परंपरा बन गई है। हास्य व्यक्ति को पूरी तरह बदल देने वाला मेडिटेशन है। एक बार ओशो ने कहा था, ङ्कअगर लोग रोज कम से कम एक घंटा पूरी तरह हंस सकें तो उन्हें किसी प्रकार के मेडिटेशन की जरूरत नहीं होगी।ङ्ग हंसी आपको वर्तमान में ले आती है। यह अभ्यास मन को मुक्त बनाता है और आपको वर्तमान में जीना सिखाता है। हास्य को अपनी सुबह का हिस्सा बनाएं। ओशो दिन की शुरुआत हल्के व्यायाम से करने का सुझाव देते हैं। आंखें बंद कर कुछ मिनटों के लिए पहले शरीर को स्ट्रेच करें, फिर हंसना शुरू करें। हो सकता है कि शुरुआत में आपको जबरदस्ती हंसना पड़े, लेकिन जल्द ही आपकी हंसी वास्तविक स्वरूप में आ जाएगी और आपको आनंदमय अहसास देगी। जिनको हंसना मुश्किल लगता है, उनके लिए ओशो ने एक सामान्य यौगिक शुद्धिकरण प्रक्रिया भी बताई है। इसमें सुबह नमकीन गुनगुना पानी पीना और फिर धीरे-धीरे उल्टी करना शामिल है। यह प्रक्रिया भावनात्मक और शारीरिक रुकावटों को दूर करती है, जिससे हंसी स्वाभाविक और मुक्त रूप से प्रवाहित होती है। इस एक जनवरी को 'ओशो विश्व हांस्य दिवस' के रूप में मनाएं और इसके उपचारात्मक, आनंदमय अहसास को दुनियाभर में फैलाएं। साल की शुरुआत आनंद, सजगता और हास्य को जीवन का हिस्सा बनाने के संकल्प के साथ करें।इन्सान के लिए सबसे जरूरी है कि उसका मस्तिष्क स्वस्थ रहे और मस्तिष्क तभी स्वस्थ रह सकता है, जब शरीर स्वस्थ हो। स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी है कि हम शारीरिक तौर पर सक्रिय रहें। खेल इसका सबसे अच्छा जरिया हैं, जहां आप एक आनंद की अनुभूति के साथ पसीना बहा रहे होते हैं। यह बात किसी पेशेवर खिलाड़ी के लिए नहीं, बल्कि हर शख्स के लिए जरूरी है- डॉक्टर के लिए, इंजीनियर के लिए, नेता के लिए, अभिनेता के लिए, व्यापारी के लिए। खेल न केवल आपको शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं, बल्कि उमंग, उल्लास से भर देते हैं और जब आप उत्साहित होते हैं तो आपका सब अच्छा होता है। चाहे दिन हो, महीना हो, साल हो या फिर पूरा जीवन। मेरी नजर में हर दिन, हर घंटा, हर मिनट और हर सेकंड की महत्ता है। चाहे वो 31 दिसंबर हो या फिर एक जनवरी। हमें हर पल जीवन को जीना चाहिए। चलते जाने का नाम ही जिंदगी है। जीवन में न कुछ असंभव है, न कुछ स्थायी है। सब कुछ संभव है, सब कुछ चराचर है। आज आपकी चीजें खराब चल रही हैं तो कल अच्छी होंगी। अगर जीत स्थायी नहीं है तो हार भी स्थायी नहीं है। इसलिए सकारात्मक रहते हुए अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ते रहें। अपना शत-प्रतिशत दें, क्योंकि यही एक चीज है, जो आपके नियंत्रण में है। बाकी जीवन में उतार-चढ़ाव तो आने ही हैं। कभी कम में ज्यादा मिलेगा तो कभी बहुत मेहनत के बाद भी चीजें हमारे अनुकूल नहीं होंगी। बस, हमें हर परिस्थिति में सहज, सकारात्मक रहते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।



# साल 2025 में शनि राशि के साथ-साथ नक्षत्र परिवर्तन भी करेंगे। वह गुरु के नक्षत्र पूर्व भाद्रपद में विराजमान रहेंगे। ऐसे में मेष सहित इन तीन राशियों के ऊपर शनिदेव की विशेष कृपा हो सकती है।

न्यायाधीश, कर्म व सेवा के ग्रह माने जाने वाले शनि देव सबसे धीमी गति से चलने वाला ग्रह माना जाता है। ऐसे में शनि के राशि परिवर्तन का असर 12 राशियों के जीवन में किसी न किसी तरह से अवश्य पड़ सकता है। शनि साल 2025 में राशि के साथ-साथ नक्षत्र परिवर्तन करेंगे, जिसका असर 12 राशियों के जीवन में किसी न किसी तरह से अवश्य पड़ने वाला है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनि 27 दिसंबर 20224 को पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश कर गए थे। जहां वह 28 अप्रैल 2025 तक रहेंगे। इसके साथ ही 29 मार्च 2025 को शनि मीन राशि में प्रवेश कर जाएं। आकाश मंडल के 27 नक्षत्रों में 25 वां नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद है। इसके साथ ही इस नक्षत्र की दो राशियों है,जो 20 डिग्री को कुंभ से लेकर 3 डिग्री 20 मिनट मीन राशि तक रहता है। ऐसे में शनि के नक्षत्र परिवर्तन करने का असर 12 राशियों के जीवन में किसी न किसी तरह से अवश्य पड़ सकता है। बता दें कि शनि पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र की दोनों राशियां यानी कुंभ और मीन राशि में रहने वाले हैं। ऐसे में जातकों को खूब लाभ मिल सकता है। आइए जानते है शनि के पूर्व भाद्रपद नक्षत्र में रहने से अप्रैल तक किन राशियों की किस्मत चमक सकती है **आचार्य पंडित सुधांशु तिवारी** (प्रश्न कुण्डली विशेषज्ञ/ ज्योतिषाचार्य) वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनि 29 मार्च तक कुंभ राशि में रहेंगे और इसके बाद मीन राशि में प्रवेश कर जाएंगे। गुरु बृहस्पति की बात करें, तो उन्हें ज्ञान के कारक हैं और शनि सेवा के कारक माना जाता है। ऐसे में शनि के नक्षत्र परिवर्तन करने में इन तीन राशियों को खूब लाभ मिल सकता है। **मेष** मेष राशि वालों, राशिफल 2025 के अनुसार आपको औसत या फिर औसत से बेहतर परिणाम भी इस वर्ष मिल सकते हैं। विशेषकर मार्च के महीने तक शनि की विशेष कृपा से आप विभिन्न मामलों में अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। वहीं इसके बाद परिणाम तुलनात्मक रूप से कुछ कमजोर रह सकते हैं। हालांकि विदेश आदि से संबंध रखने वाले लोगों को मार्च के बाद भी अच्छे परिणाम भी मिल सकते हैं। बृहस्पति का गोचर भी मई के मध्य तक आपके आर्थिक पक्ष को मजबूत रखना चाहेगा। अर्थात सामान्य तौर पर इस वर्ष आप अपने व्यापार व्यवसाय में अच्छा करते हुए देखे जाएंगे। फिर भी साल के दूसरे हिस्से में सावधानी पूर्वक निर्वाह करने की जरूरत रहेगी। विद्यार्थियों को भी इस वर्ष अपेक्षाकृत अधिक निष्ठावान बनाकर अध्ययन करने की आवश्यकता रहेगी। यदि विवाहित हैं तो जीवनसाथी या जीवन संगिनी के स्वास्थ्य का ख्याल रखना जरूरी रहेगा। साथ ही साथ एक दूसरे के साथ संबंधों को मेंटेन करना भी जरूरी रहेगा। प्रेम प्रसंग के दृष्टिकोण से यह साल कुछ हद तक कमजोर रह सकता है। **वृषभ** वृषभ राशि वालों, राशिफल 2025 आपसे कुछ एक्स्ट्रा मेहनत करवाने के संकेत दे रहा है लेकिन मेहनत के अच्छे परिणाम देने का काम भी कर सकता है। विशेषकर मार्च 2025 तक शनि देव आपसे एक्सट्रा मेहनत करवाने के बाद अच्छे परिणाम देते हुए प्रतीत हो रहे हैं। वही मार्च 2025 के बाद मेहनत के पूरे परिणाम मिल सकते हैं। अर्थात एक्स्ट्रा मेहनत करने की जरूरत नहीं रहेगी, बल्कि जैसी मेहनत वैसे परिणाम। वहीं राहु का गोचर मई तक आपके लिए काफी अच्छी परिणाम देने का संकेत कर रहा है। मई के बाद कार्यक्षेत्र में कुछ उलझने रह सकती हैं। ऐसे में शनि और राहु दोनों की स्थितियों को देखकर ऐसा लगता है की कठिनाई तो पूरे वर्ष बरकरार रह सकती है लेकिन कठिनाई के बाद काम सफल होंगे और अच्छे परिणाम मिल सकेंगे। बृहस्पति का गोचर भी आर्थिक मामले में आपकी मेहनत के अनुरूप आपको अच्छे परिणाम देने और दिलाने का संकेत कर रहा है। शिक्षा के दृष्टिकोण से यह वर्ष अच्छा रह सकता है। वहीं विवाह और वैवाहिक जीवन से संबंधित मामलों के लिए भी इस वर्ष को अच्छा कहा जाएगा। प्रेम संबंध के लिए भी साल 2025 सामान्य तौर पर अनुकूल परिणाम दे सकता है। **मिथुन** मिथुन राशि वालों, साल 2025 तुलनात्मक रूप से बेहतर साल रह सकता है। अर्थात 2025 की तुलना में साल 2025 ज्यादा अच्छा रह सकता है। मार्च तक शनि देव भाग्य के माध्यम से कुछ सपोर्ट देना चाहेंगे। वहीं इसके बाद आपसे अधिक मेहनत लेकर अच्छे परिणाम भी दे सकते हैं। अर्थात यह साल मेहनत तो करवाएगा लेकिन परिणाम तुलनात्मक रूप से बेहतर और संतोषप्रद रह सकते हैं। राहु के गोचर को देखते हुए अपने बड़े बुजुर्गों और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध रखने की कोशिश जरूरी रहेगी। पुरुषार्थ करने के साथ-साथ धर्म, अध्यात्म और परमात्मा के प्रति निष्ठा भी जरूरी रहेगी। तभी मानसिक शांति बरकरार रह सकेगी। जिसका प्रभाव आपके काम धंधे और व्यक्तिगत जीवन पर नजर आएगा। वहीं आध्यात्म से दूरी मानसिक चिंता बढ़ाने का काम कर सकती है। बृहस्पति का गोचर मई के महीने तक कमजोर लेकिन बाद में तुलनात्मक रूप से अच्छे परिणाम देना चाहेगा। अतः राशिफल 2025 के अनुसार आर्थिक मामले में इस साल आप मिले जुले परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। परिणाम एवरेज से बेहतर भी रह सकते हैं। निजी जीवन में भी मई के बाद वाला समय ज्यादा अच्छा रह सकता है। मामला प्रेम प्रसंग का हो या फिर दांपत्य जीवन का; मई के बाद आप तुलनात्मक रूप से बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थीगण भी मई के बाद ज्यादा अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। **कर्क** कर्क राशि वालों, साल 2025 आपको बड़ी समस्याओं से राहत दिलाने का काम कर सकता है। विशेषकर मार्च के बाद आपको पिछली समस्याओं से निजात मिल सकती है और आपके भीतर एक नई ऊर्जा तथा नई स्फूर्ति देखने को मिल सकती है। बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन से आप बेहतर करते हुए देखे जा सकेंगे। समस्याएं अभी पूरी तरह से दूर होती हुई नहीं नजर आ रही है लेकिन समस्याओं के कम होने से आप राहत की सांस ले सकेंगे। मई तक अच्छे लाभ के योग निर्मित हो रहे हैं। वहीं मई के बाद खर्च भी बढ़ सकते हैं। हालांकि विदेश या जन्म स्थान से दूर रहने वाले लोगों को मई के बाद भी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं लेकिन अन्य लोगों को आर्थिक और पारिवारिक मामलों में मई के बाद एक्स्ट्रा समझदारी और जागरूकता दिखाने की आवश्यकता रहेगी। राहु का गोचर भी मई के बाद तुलनात्मक रूप से कमजोर हो सकता है। अतः बीच-बीच में अप्रत्याशित रूप से कुछ परेशानियां रह सकती हैं। प्रेम विवाह और दांपत्य संबंधी मामलों के लिए मई तक का समय तुलनात्मक रूप से बेहतर कहा जाएगा। विद्यार्थीगण भी मई के पहले ही अपनी पढ़ाई की गति को मेंटेन कर लेंगे तो आगे आने वाले समय में भी अनुकूल परिणाम मिलते रहेंगे। **सिंह** सिंह राशि वालों, साल 2025 कुछ मामलों के लिए अच्छा तो कुछ मामलों के लिए कमजोर रह सकता है। अर्थात यह साल सामान्य तौर पर मिले-जुले परिणाम दे सकता है। मार्च के महीने शनि का गोचर एवरेज तो वहीं मार्च के बाद कमजोर परिणाम दे सकता है। लिहाजा व्यापार व्यवसाय और नौकरी से जुड़े मामलों में कुछ कठिनाइयां या परेशानियां देखने को मिल सकती हैं। नौकरी में स्थानांतरण या परिवर्तन करने की भी स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। फलस्वरुप घर से दूर भी रहना पड़ सकता है। हालांकि आर्थिक मामले में यह साल सामान्य तौर पर अच्छे परिणाम दे सकता है। क्योंकि साल की शुरुआत में बृहस्पति की दृष्टि धन स्थान पर रहेगी। वहीं बाद में बृहस्पति लाभ भाव में पहुंचकर विभिन्न माध्यमों से लाभ करवाना चाहेगा। अर्थात कामों में कुछ कठिनाइयां लेकिन आर्थिक मामले में अनुकूलता देखने को मिल सकती है। निजी संबंधों में भी मई के बाद का समय ज्यादा अच्छे परिणाम दे सकता है। विवाह से संबंधित मामलों में अनुकूलता देखने को मिल सकती है। संतान आदि से संबंधित मामलों में भी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। वहीं शिक्षा से संबंधित मामलों में भी मई के बाद का समय ज्यादा अच्छे परिणाम देता हुआ प्रतीत हो रहा है।**कन्या** कन्या राशि वालों, साल 2025 आपके लिए एवरेज या फिर एवरेज से बेहतर परिणाम दे सकता है। हालांकि शनि के गोचर की बात की जाए तो शनि साल की शुरुआत से लेकर मार्च महीने तक काफी अच्छी परिणाम देता हुआ प्रतीत हो रहा है। वहीं बाद में शनि का गोचर कुछ मामलों में कमजोर परिणाम दे सकता है। वहीं बृहस्पति का गोचर मई के मध्य तक काफी अच्छे परिणाम दे रहा है, जबकि बाद में मिले-जुले परिणाम दे सकता है। इन सबके बीच अनुकूल बात यह रहेगी कि मई के बाद आपके प्रथम और सप्तम भाव से राहु केतु का प्रभाव समाप्त हो जाएगा। फलस्वरुप व्यापार व्यवसाय में आ रही अड़चने दूर होंगी। दांपत्य संबंधी मामलों में भी अनुकूलता देखने को मिलेगी। विवाह के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होंगी। स्वास्थ्य में भी तुलनात्मक रूप से बेहतरी देखने को मिल सकती है। राशिफल 2025 के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी अच्छे परिणाम मिलने की संभावनाएं हैं। इस तरह से हम पाते हैं कि कुछ एक मामलों को छोड़कर ज्यादातर मामलों में यह साल आपके लिए अनुकूल परिणाम देता हुआ प्रतीत हो रहा है। **तुला** तुला राशि वालों, साल 2025 आपके लिए अधिकांश मामलों में काफी अच्छे परिणाम देता हुआ प्रतीत हो रहा है। विशेषकर मई के बाद की स्थितियां काफी अच्छी रह सकती हैं। मार्च के महीने से शनि ग्रह के गोचर की अनुकूलता आपकी पुरानी समस्याओं को दूर करके उन्नति के नए द्वार खोल सकती है। विशेषकर नौकरी आदि से संबंधित मामलों में काफी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आपकी सोचने की शक्ति और प्रखर होने के कारण आप अब बेहतर योजना बनाकर व्यापार व्यवसाय में भी अच्छा कर सकेंगे। विद्यार्थीगण के जीवन में आ रही कठिनाइयां भी दूर होंगी। मई मध्य के बाद बृहस्पति ग्रह की अनुकूलता भी बड़ी कठिनाइयों को दूर करने का काम करेगी। भाग्य बेहतर ढंग से साथ देगा। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन जीवन में तरक्की के द्वार खोलेगा। यदि आप विद्यार्थी हैं तो बृहस्पति शिक्षा के मामले में मदद करेगा। वहीं अन्य लोगों को आर्थिक मामले में बृहस्पति के द्वारा अच्छी अनुकूलता देखने को मिल सकती है। मई मध्य के बाद का समय प्रेम, विवाह, वैवाहिक जीवन आदि से संबंधित मामलों में अच्छी अनुकूलता देने का काम कर सकता है। **वृश्चिक** वृश्चिक राशि वालों, साल 2025 आपको मिले-जुले परिणाम दे सकता है। एक ओर जहां मार्च के बाद शनि का गोचर चतुर्थ भाव से अपनी नकारात्मकता समेटता हुआ प्रतीत हो रहा है, वहीं मई से राहु का गोचर चतुर्थ भाव में हो जाएगा। अतः कुछ बड़ी और पुरानी समस्याएं दूर हो सकती हैं लेकिन नए सिरे से भी पुनः कुछ परेशानियां भी देखने को मिल सकती हैं। हालांकि यदि आपको पेट या मस्तिष्क से संबंधित कुछ परेशानियां पिछले दिनों से रही हैं, तो उनमें आपको राहत देखने को मिल सकती है। बृहस्पति का गोचर भी मई मध्य तक सप्तम भाव से आपको अच्छी खासी अनुकूलता देता हुआ प्रतीत हो रहा है लेकिन मई मध्य के बाद बृहस्पति अष्टम भाव में जाकर कुछ कमजोर हो जाएंगे। हालांकि दूसरे भाव पर प्रभाव डालने के कारण कोई बड़ी आर्थिक समस्या नहीं आएगी लेकिन आमदनी के स्रोत कुछ हद तक धीमें रह सकते हैं। शिक्षा से संबंधित मामलों के लिए भी मई तक का समय अपेक्षाकृत अधिक अनुकूल कहा जाएगा। विवाह, सगाई, प्रेम प्रसंग और संतान आदि से संबंधित मामलों के लिए भी मई मध्य से पहले का समय ज्यादा अच्छा कहा जाएगा।**धनु** धनु राशि वालों, साल 2025 कुछ अच्छे तो कुछ कमजोर परिणाम भी दे सकता है। एक ओर जहां मार्च 2025 तक शनि का गोचर आपके लिए पूरी तरह से अनुकूल है तो वहीं मई तक बृहस्पति का गोचर कमजोर रहेगा। मई मध्य के बाद बृहस्पति का गोचर आपके लिए अनुकूल हो जाएगा। तो वहीं मार्च के बाद शनि का गोचर कमजोर हो जाएगा। इस तरह से ये दोनों प्रमुख गोचर कुछ अच्छे तो कुछ कमजोर परिणाम दे सकते हैं। हालांकि सकारात्मक परिणामों की अधिकता रहेगी क्योंकि राहु का गोचर मई के बाद से चतुर्थ भाव से अपनी नकारात्मकता दूर कर लेगा। फलस्वरूप घर गृहस्थी से संबंधित कुछ परेशानियां दूर भी होंगी अथवा पुरानी समस्याएं दूर होकर शनि के कारण कुछ नहीं समस्याएं पैदा हो सकती हैं लेकिन फिर भी बदलाव की ऊर्जा मन को तुलनात्मक रूप से प्रसन्न करने का काम कर सकती है। बृहस्पति का गोचर आर्थिक मामले में अनुकूलता देता रहेगा। फलस्वरूप कोई आर्थिक विपन्नता नहीं आएगी जबकि मई के बाद आमदनी के स्रोतों में बढ़ोतरी भी देखने को मिल सकती है। मई के बाद का समय प्रेम, दांपत्य, विवाह और शिक्षा आदि से संबंधित मामलों में बेहतर परिणाम देने का काम कर सकता है। **मकर** मकर राशि वालों, साल 2025 आपको पुरानी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में अच्छा खासा मददगार बन सकता है। ऐसी समस्याएं जिन्हें आप लंबे समय से दूर नहीं कर पाए थे, उनके दूर होने के योग बनेंगे। घर परिवार में चल रही अशांति भी अब शांत हो जाएगी। यदि आप नौकरी इत्यादि में परिवर्तन करने की कोशिश करेंगे तो परिवर्तन भी संभव रहेगा। व्यापार व्यवसाय में भी परिवर्तन किया जा सकेगा। किसी नए व्यवसाय की शुरुआत भी संभव होगी। आप मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। आपके निर्णय लेने की क्षमता और मजबूत होगी। बीच-बीच में कहीं से अच्छे समाचार भी सुनने को मिल सकते हैं। इन सबके बावजूद भी मई के बाद आर्थिक और पारिवारिक मामले में जागरूक रहना समझदारी का काम होगा। क्योंकि मार्च के बाद से भले ही शनि का प्रभाव दूसरे भाव से दूर हो रहा है लेकिन मई के बाद से राहु का प्रभाव शुरू हो जाएगा। अतः समस्याएं तुलनात्मक रूप से काफी हद तक काम हो जाएगी लेकिन छोटे-मोटे व्यवधान अब भी रह सकते हैं, विशेषकर आर्थिक और पारिवारिक मामलों में। अतः इन मामलों में सचेत रहना समझदारी का काम होगा। मई मध्य से पहले का समय प्रेम प्रसंग के लिए अनुकूल रहेगा। विवाह और वैवाहिक जीवन से संबंधित मामलों के लिए भी अनुकूलता दे सकेगा लेकिन मई मध्य के बाद इन मामलों के लिए समय कम सपोर्ट कर पाएगा। विद्यार्थियों के लिए सामान्य तौर पर पूरा वर्ष ही किसी न किसी तरह से मददगार बनता रहेगा। **कुंभ** कुम्भ राशि वालों, साल 2025 आपको मिले-जुले परिणाम दे सकता है। कुछ मामलों में आपको एवरेज से बेहतर परिणाम भी मिल सकते हैं। एक ओर जहां मार्च के बाद शनि का प्रभाव प्रथम भाव से दूर हो रहा है जो आपके भीतर नई स्फूर्ति, नई ऊर्जा देने का काम करेगा। आप रुके हुए कामों को गति दे सकेंगे। यात्राओं के माध्यम से भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। वहीं मई के बाद राहु का प्रथम भाव में गोचर इसी तरह की परेशानियां फिर से दे सकता है। हालांकि परेशानियों का स्वरूप छोटा और कमजोर रह सकता है अर्थात पहले की तुलना में परेशानियां कम होगी लेकिन पूरी तरह से दूर नहीं हो पाएंगे। अतः अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए अपनी वास्तविक ऊर्जा के अनुरूप कार्य व्यवहार करना समझदारी का काम होगा। इससे आपका स्वास्थ्य भी अनुकूल बना रहेगा और आपके काम भी धीरे-धीरे करके पूरे होने लग जाएंगे। इस वर्ष माता के स्वास्थ्य पर ध्यान देना बहुत जरूरी रहेगा। हालांकि इन सारे हालातों के बावजूद मई मध्य के बाद बृहस्पति के गोचर की अनुकूलता आपको विभिन्न मामलों में अच्छी सफलता दिला सकती है। यदि आप विद्यार्थी हैं तो मई मध्य के बाद आपको काफी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। प्रेम संबंध के लिए भी गुरु का यह गोचर अनुकूल परिणाम देना चाहेगा। सगाई, विवाह और वैवाहिक जीवन के लिए भी बृहस्पति का यह गोचर अच्छा अनुकूल रहेगा लेकिन वैवाहिक जीवन में केतु बीच-बीच में छोटी-मोटी परेशानियां देना चाहेगा। तो वहीं बृहस्पति उन परेशानियों को दूर करना चाहेगा। अर्थात परेशानियां आएंगी लेकिन जल्दी ही ठीक हो जाएंगी। इसी तरह कार्य व्यवसाय नौकरी इत्यादि में भी छोटी-मोटी विसंगतियों के बाद सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहेगा।




# महाकुंभ में आतंकी धमकी देने वाला 11वीं का छात्र गिरफ्तार, मेला पुलिस ने बिहार से पकड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर महाकुंभ में आतंकी वारदात की धमकी देने वाले छात्र को महाकुंभ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे बिहार के पूर्णिया से गिरफ्तार किया है। महाकुंभ में आतंकी वारदात कर एक हजार लोगों को मारने की धमकी देने वाला 11वीं का छात्र निकला। शनिवार को उसे मेला पुलिस ने उसके बिहार स्थित गृह जनपद पूर्णिया जिले से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि उसने दोस्त को फंसाने के लिए फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर धमकी भरा पोस्ट किया था। पुलिस उसे लेकर प्रयागराज के लिए चल दी है 31 दिसंबर को मामला सामने आने के अगले ही दिन मेला कोतवाली थाने में अज्ञात में एफआईआर दर्ज की गई थी। मेला पुलिस की साइबर थाना पुलिस के साथ ही खुलासे के लिए तीन अलग-अलग टीमें लगाईं। सूत्रों के मुताबिक आईपी एड्रेस ट्रेस करने पर पता चला कि जिस नंबर से यह आईडी बनाई गई, वह बिहार के पूर्णिया जिले के भवानीपुर शहीदगंज से लिया गया था। इसी आधार पर तीन टीमें बिहार जाकर उसकी तलाश में पूर्णिया में अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही थीं। सटीक लोकेशन मिलने पर शनिवार को बिहार पुलिस की मदद से उसे हिरासत में ले लिया गया। पुलिस अफसरों के मुताबिक पूछताछ में पता चला कि वह नबालिग है और 11वीं कक्षा में पढ़ता है।उसने यह भी बताया कि नसर पठान उसका दोस्त है, जिसके नाम से उसने फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया था। उससे उसका कुछ दिनों पहले विवाद हो गया था। उसे फंसाने के लिए ही उसने फर्जी अकाउंट बनाकर धमकी भरा पोस्ट किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे प्रयागराज लाया जा रहा है। यहां लाकर विस्तृत पूछताछ के साथ ही नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।31 दिसंबर को स्क्रीनशॉट वायरल होने पर यह मामला सामने आया था। स्क्रीनशॉट से पता चला था कि नसर पठान के नाम से बने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक समुदाय को लेकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया। साथ ही महाकुंभ में आतंकी वारदात करने की भी धमकी दी गई। एक अन्य यूजर के पूछने पर चैट में युवक ने खुद को भवानीपुर, पूर्णिया (बिहार) का रहने वाला बताया था।



# एक देश-एक कार्ड के तहत मिलेगा अनाज महाकुंभ में किसी भी राज्य का हो कार्ड, मेला क्षेत्र में मिलेगा राशन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में एक देश-एक कार्ड के तहत अनाज मिलेगा। किसी भी राज्य का कार्ड हो, मेला क्षेत्र में राशन मिलेगा। आंशिक तौर पर भी राशन ले सकेंगे। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के पास कार्ड है तो राशन के लिए भटकना नहीं होगा। किसी भी राज्य का राशन कार्ड हो, वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत महाकुंभ में राशन मिलेगा। खास यह कि कार्डधारक आंशिक तौर पर भी राशन ले सकेंगे।केंद्र सरकार की योजना के तहत राशन कार्डधारकों को प्रति यूनिट ढाई-ढाई किलो मुफ्त चावल और गेहूं दिया जाता है। महाकुंभ में पांच लाख से अधिक कल्पवासियों के आने की उम्मीद है। इसके अलावा हजारों की संख्या में श्रमिक एवं स्वच्छता कर्मी भी महाकुंभ में कार्यरत हैं। इनमें से बड़ी संख्या में लोगों के पास राशन कार्ड है। इसे देखते हुए मेला क्षेत्र में खुलने वाली अस्थायी राशन की दुकानों पर वन नेशन वन कार्ड योजना लागू की कई है। जिला पूर्ति अधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि महाकुंभ क्षेत्र में 138 दुकानें खोली गई हैं। देश में कहीं के भी कार्डधारक हों, महाकुंभ में खुली दुकानों पर राशन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन दुकानों पर आंशिक या पूरा राशन प्राप्त किया जा सकेगा। यानी, यदि किसी कार्ड में परिवार के चार सदस्यों के नाम शामिल हैं तो यहां एक, दो या तीन सदस्यों का राशन भी प्राप्त किया जा सकता है। शेष राशन संबंधित दुकान से लिया जा सकेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि इस बाबत आदेश जारी कर दिया गया है। बनने लगे अस्थायी राशन काड महाकुंभ में आने वाले कल्पवासियों तथा श्रद्धालुओं को सरकारी दुकानों से सस्ते दर पर चावल, आटा और चीनी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रति व्यक्ति तीन किग्रा आटा और दो किग्रा चावल उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, एक कार्ड पर एक किग्रा चीनी दी जाएगी। चावल छह, आटा पांच तथा चीनी 18 रुपये प्रति किग्रा की दर से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए कल्पवासियों तथा श्रद्धालुओं के अस्थायी राशन कार्ड बनाए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया शनिवार को शुरू हो गई। राशन कार्ड मेला क्षेत्र में खुले अस्थायी दुकानों पर आवेदन करने वालों के सत्यापन तथा सर्वे के आधार पर बनाए जाएंगे। इसके लिए 93 लेखपाल लगाए गए हैं, जिन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।अखाड़ों तथा संस्थाओं को अधिक राशन की जरूरत होगी। इसलिए इन्हें परमिट जारी किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया 10 जनवरी से शुरू करने की तैयारी है। परमिट संस्थाओं की मांग तथा उनके सत्यापन के बाद जारी किए जाएंगे। महाकुंभ में जरूरत के अनुसार अस्थायी घरेलू गैस कनेक्शन भी बनाए जाएंगे।



# किन्नर अखाड़े में किया गया यज्ञ, महाकुंभ की सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़े के संतों ने संगम क्षेत्र में महाकुंभ के शांतिपूर्ण संपन्न होने के लिए हवन और पूजन किया। किन्न्रर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि ने कहा कि महाकुंभ बहुत ही भव्य होने वाला है। किन्नर अखाड़े के संतों ने संगम क्षेत्र में महाकुंभ के शांतिपूर्ण संपन्न होने के लिए हवन और पूजन किया। किन्न्रर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि ने कहा कि महाकुंभ बहुत ही भव्य होने वाला है। आज जो हवन किया गया है वह महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए है। यह बहुत ही विशिष्ट हवन है, जो बांग्लामुखी देवी को समर्पित है। इस हवन में सरसों के दाने की आहूति दी गई है। मां बांग्लामुखी से प्रार्थना की गई है कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु सुरक्षित स्नान कर सकें। महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि ने कहा कि महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोग आने वाले हैं। हम उनके सुरक्षित यात्रा की भी कामना करते हैं। सरकार रेलवे और बसों और अन्य यातायात साधनों के माध्यम से सरकार श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने का प्रयास कर रही है। इतने करोड़ लोगों की सुरक्षा प्रदान करना बहुत ही कठिन कार्य है, लेकिन सरकार पूरी तत्परता के साथ सुरक्षित कुंभ संपन्न कराने के लिए संकल्पित है।



# बॉलीवुड/टेली मसाला



## अजय देवगन की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म है ब्लॉकबस्टर की रीमेक, 68 करोड़ रुपये में बनी थी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन इन दिनों अपनी फिल्म सिंघम अगेन की सफलता का आनंद ले रहे हैं। लेकिन क्या आपको पता है अजय की सबसे खराब और फ्लॉप फिल्म के बारे में। अगर नहीं तो जानिए इस खास रिपोर्ट में...अजय देवगन ने अपने फिल्मी करियर में कई बेहतरीन हिट फिल्में दी हैं, लेकिन 11 साल पहले, अजय ने एक बड़ी फ्लॉप फिल्म दी थी, जिसे उनकी सबसे खराब फिल्म बताया गया। आखिर कौन सी फिल्म थी, जिसे 68 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था, लेकिन फिर भी फ्लॉप हो गई थी। वैसे तो इन दिनों अजय अपनी फिल्म सिघम अगेन को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वहीं अजय की कई फिल्में पाइपलाइन में हैं , जिनमें सन ऑफ सरदार 2 और दे दे प्यार दे 2 भी शामिल हैं। बहरहाल, देखा जाए तो अजय देवगन ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़ी हिट फिल्में दी हैं। वह कुछ प्रमुख फ्रैंचाइजी का हिस्सा रहे हैं, जो अक्सर बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ती हैं। वैसे तो अजय की फिल्में अक्सर रिकॉर्डतोड़ कमाई करती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्होंने कुछ बड़ी फ्लॉप फिल्में भी दी हैं? कभी-कभार उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह असफल भी रहीं। हालांकि, उनकी सबसे खराब फिल्म बड़े बजट में बनी थी और बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गई थी। अजय देवगन की सबसे खराब फिल्म के बारे में बात करे तो वह किसी फिल्म का रीमेक है, जिसे 68 करोड़ रुपये के भारी भरकम बजट पर बनाया गया था। यह 11 साल पहले रिलीज हुई थी और यहां तक कि अभिनय को भी बिल्कुल पसंद नहीं किया गया था। सोच रहे हैं कि वह कौन सी फिल्म है? खैर, उस फिल्म का नाम हिम्मतवाला। हिम्मतवाला फिल्म श्रीदेवी और जीतेंद्र की 1983 में इसी नाम की फिल्म की रीमेक थी। अजय देवगन स्टारर इस फिल्म का निर्देशन साजिद खान ने किया था, लेकिन अफसोस की बात यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी और फ्लॉप हो गई थी। अजय के साथ, 2013 की इस फिल्म में तमन्ना भाटिया, परेश रावल और महेश मांजरेकर भी हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म में कॉमेडी, ड्रामा, एक्शन और रोमांस देखने को मिला था, जो दर्शकों को रास नहीं आया। हालांकि, जब यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई, तो इसे दर्शकों और आलोचकों से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने भारत में 58.34 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 65.79 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।वहीं पिछले कुछ सालों में अजय देवगन ने कई बड़ी हिट फिल्में दी हैं, जिनमें हाल ही में रिलीज हुई सिंघम 3, 2022 में दृश्यम 2, शैतान जैसी कई फिल्में शामिल हैं। वहीं अजय जल्द ही रेड 2, दृश्यन 3, दे दे प्यार दे 2, शैतान 2, आजाद के अलावा कई फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजम करने वाले हैं।



## बिग बॉस के घर फिर हुआ बवाल, रजत ने घर वालों को दी शिल्पा से दूर रहने की चेतावनी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 दिलचस्प मोड़ लेता जा रहा है, जिससे शो के प्रति दर्शकों की उत्सुक्ता बढ़ीत जा रही है। इस बार बिग बॉस के घर रजत दलाल और शिल्पा शिरोडकर बीच छिड़ी जंग।बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट लगातार अपने ड्रामे, बहस और मजाक से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। वीकेंड के वार में, सलमान खान एक ब्रेक के बाद आए और कंटेस्टेंट्स को एक बहुत जरूरी ब्रेक दिया। एक टास्क के दौरान, नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स को अपने दोस्तों को एक हाउसमेट के बारे में चेतावनी देनी थी और सभी को चौंकाते हुए रजत दलाल ने शिल्पा शिरोडकर का नाम लिया। उसके बाद जो बवाल हुआ, उसने सभी को चौंका दिय बॉलीवुड अभिनेत्री और बिग बॉस कंटेस्टेंट





शिल्पा शिरोडकर, रजत दलाल की बीतों से हैरान रह गईं, जब रजल ने घर वालों को बताया कि वह हर किसी के साथ अच्छा व्यवहार करने की सिर्फ कोशिश करती हैं और कभी भी अपनी राय नहीं रखती हैं। रजत ने आगे शिल्पा के लिए कहा कि करण वीर मेहरा, चुम दरंग और घर के आधे सदस्य पहले से ही उनका समर्थन करते हैं और वह बाकी आधे लोगों को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रही हैं।रजत दलाल की बातों को सुनकर, अभिनेत्री राशि खन्ना, जो अपनी आगामी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट के प्रचार के लिए विक्रांत मैसी के साथ बिग बॉस के सेट पर आई थीं वह भी दंग रह गईं। राशि ने कहा ठइसे कहते हैं पर्दा फाश।'' वहीं दूसरी ओर, रजत के बयान से शिल्पा शिरोडकर परेशान हो जाती हैं।बिग बॉस के घर से राशि और विक्रांत के जाने के बाद, करण वीर मेहरा और चुम दरंग के साथ बैठकर शिल्पा शिरोडकर इस बारे में चर्चा करती हैं। रजत उनकी बातें सुन लेता है और पूछता है कि क्या वे उसके बारे में बात कर रहे हैं। वह उनसे सीधे बात करने के लिए कहता है और करण उससे पूछता है कि वह क्या जानना चाहती है। इससे शिल्पा शिरोडकर और रजत दलाल के बीच बहस हो जाती है।शिल्पा, रजत से कहती हैं, ङ्कआप जिन लोग के साथ अकेले बैठे हो, आप उनके भी नहीं हो पाए। आप उनके साथ भी सही नहीं हो। आपको लगता है आप सामने से बोलते हो, लेकिन आप बोलते ही नहीं हो। आप यूके का मौसम जैसा हो, सुबह एक पसंदीदा होता है, दोपहर कोई और है, शाम को कोई और। रजत दलाल ने पलटवार करते हुए कहा कि शिल्पा शिरोडकर कभी भी अपने मन की बात नहीं कहती हैं। वह कहते हैं, ङ्कअगर पांच लोगों की बात हो रही है, आप स्वाद अच्छे लेते हो, खुद के समय मिर्ची लग जाती है। साथ वाले के बारे में भी बोलते देखा है आपको।

## वीकेंड के वार पर भाईजान की वापसी, दिग्विजय और अविनाश की सलमान खान ने लगाई क्लास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 18' के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने धमाकेदार वापसी की है। उन्होंने ने शो के बाहर होने के बाद एक-दूसरे को फाड़ने की उनकी धमकियों के बारे में दोनों को सबक सिखाने का फैसला किया। शनिवार को अविनाश किचन एरिया में गिर गए थे और घायल हो गए थे।इसके बाद अभिनेता सलमान खान ने अविनाश से पूछा, ठये कौनसे शो







आते ही प्रतियोगियों की क्लास लगाई। अभिनेता ने दिग्विजय राठी और अविनाश मिश्रा को निशाने पर लेते हुए सबक सिखाया। सलमान खान ने 'बिग बॉस 18' में वापसी कर दी है। अपनी फिल्म सिकंदर की शूटिंग के बाद वह वापस वीकेंड का वार पर नजर आए हैं। आते ही सलमान खान दिग्विजय राठी और अविनाश मिश्रा पर बिफर पड़े। उन्होंने इन दोनों की क्लास लगाई। अभिनेता सलमान खान दोनों को सबक सिखाते दिखे। आइए जानते हैं सलमान खान ने क्या कहा 'वीकेंड का वार' एपिसोड के दौरान, सलमान प्रसारित हुए एपिसोड में सलमान ने मंच पर एक जींस की जोड़ी मंगवाई और अविनाश से उन्हें फाड़ने के लिए कहा। जैसी कि उम्मीद थी, अविनाश ऐसा नहीं कर सके। सलमान ने इस मौके का इस्तेमाल अपनी बात रखने के लिए किया। उन्होंने प्रतियोगियों से पूछा, ठये जींस है, ये फटी है पर आपसे फट नहीं रही। और आप आदमी फाड़ने की बात कर रहे हैं बिच से। कितने आदमी अपने बाहर फाड़े हैं दिग्विजय?ठ बता दें कि कुछ दिनों पहले दिग्विजय और अविनाश आपस में भिड़ गए थे, जिसके बाद में आए हो आप? कराटे कॉम्बैट में आए हो? कौन से फॉर्मेट में आए हो?ङ्ग पिछले हफ्ते निर्माता एकता आर कपूर ने सलमान से होस्टिंग की जिम्मेदारी संभाली, जो अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त थे। कपूर ने शुक्रवार का वार एपिसोड के दौरान घरवालों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिसमें अभिनेता विवियन डीसेना उनके मुख्य निशाने पर थे। हालांकि, जब अभिनेता ने रजत को जींस फाड़ने के लिए कहा तो उन्होंने उनकी यह जींस फाड़ दी। यह देखकर बाकी प्रतियोगी दंग रह गए।

## थिएटर व्यवसाय की खराब स्थिति पर करण जौहर ने दी राय, बताया किन बातों पर ध्यान देने की है जरूरत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक करण जौहर ने हाल में ही थिएटर व्यवसाय की मौजूदा स्थिति और इसके भविष्य को बदलने चाहिए कि आज स्ट्रीमिंग सेवाओं पर बहुत सारी चीजें उपलब्ध है, लेकिन अभी भी लोगों में सिनेमाघरों में जा कर फिल्में देखने की बहुत इच्छा है। इसलिए, ऐस फिल्में



के लिए जरूरी चीजों पर बात की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माताओं को दर्शकों की भावनाएं समझना काफी आवश्यक है। बॉलीवुड पिछले कुछ वर्षों से एक बुरे दौर से गुजर रहा है। मौजूदा वर्ष 2024 इसके इतिहास के सबसे बुरे वर्षों में से एक है। इस फिल्म उद्योग ने पिछले साल काफी अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसमें 1000 करोड़ से भी ज्यादा की कमाई करने वाली दो फिल्में शामिल थीं, लेकिन ये साल स्त्री 2 के अलावा कुछ खास अच्छी नहीं रही है। हाल में ही बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता-निर्देशक करण जौहर से सीएनबीसी-टीवी18 के ग्लोबल लीडरशिप समिट में थिएटर व्यवसाय की मौजूदा स्थिति, इसके भविष्य और चीजों को बदलने के लिए क्या किया जा सकता है को लेकर पूछा गया, जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि बॉलीवुड को दर्शकों की भावनाओं को समझना चाहिए। फिल्म निर्माता ने दर्शकों के व्यवहार और नब्ज को समझने के महत्व पर जोर देते हुए जवाब दिया, मेरा मानना है कि हमें फिल्म निर्माताओं के रूप में दर्शकों की भावनाओं को समझना चाहिए। आपको ध्यान देना बनाएं, जो लोगों को तुरंत सिनेमा हॉल तक ले जाएं, ऐसी फिल्में नहीं जो आपको ओटीटी पर रोजाना देखने को मिलती हैं।ठकरण ने आगे कहा, ठमैं हमेशा फिल्म निर्माताओं से कहता हूं कि वे अपने ट्रेलर को लेकर योजना बनाएं। अगर कोई फिल्म आपको शानदार थिएट्रिकल ट्रेलर दे रही है, तो यह आपको शानदार थिएट्रिकल ओपनिंग देगी। कोई भी सामान्य चीज छूट जाएगी। कोई भी पहले से किया हुआ काम नहीं करेगा। इसलिए आपको अपनी पहली यूनिट की योजना बनानी होगी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि दर्शक कहें, 'मैंने अपनी टिकटें बुक कर ली हैं और मैं जा रहा हूं।उन्होंने हॉरर-कॉमेडी मुंज्या की सफलता का भी उल्लेख किया, जिसने कम प्रसिद्ध अभिनेताओं शरवरी और अभय वर्मा द्वारा अभनीत होने के बावजूद, वैश्विक स्तर पर 125 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। इस चर्चा में ही आगे करण ने आगे कहा कि उनका लक्ष्य बहुत सारे छोटे बजट की फिल्में बनाना है। उन्होंने कहा, यह मध्यम बजट की फिल्म है, जहां मुनाफे की लागत बहुत ज्यादा होती है।

## इन फिल्मों को दो भागों में रिलीज करने का हुआ एलान, सूची में कंगुवा का नाम भी शामिल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सूर्या की फिल्म कंगुवा ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत नहीं की है। इस फिल्म को दो भागों में रिलीज करने का एलान किया गया था।



इससे पहले भी कई ऐसी फिल्में आ चुकी हैं, जिन्हें दो पार्ट में बनाने की घोषणा की जा चुकी है।सूर्या की फिल्म कंगुवा ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल जीतने में पूरी तरह से नाकाम रही है। यह फिल्म पहले तीन दिन में 50 करोड़ रुपये की कमाई भी नहीं कर सकी है। रिलीज से पहले ही इस फिल्म को दो भागों में बनाने का एलान कर दिया गया था। हालांकि, देखना दिलचस्प होगा कि खराब कलेक्शन के बाद भविष्य में इस फिल्म का सीक्वल आ पाता है या नहीं। कंगुवा से पहले कई और फिल्मों को दो पार्ट में रिलीज करने का एलान किया जा चुका है। आइए जानते हैं इन फिल्मों के बारे में...जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा को हाल ही में रिलीज किया गया था। शिव कोरताला के निर्देशन में यह फिल्म बड़े बजट में तैयार की गई थी। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म अच्छी कमाई नहीं कर सकी। फिल्म को देवरा- पार्ट वन के नाम से रिलीज किया गया था। इसके दूसरे भाग के लिए दर्शकों को अभी लंबा इंतजार करना पड सकता है।तेलुगु सुपरस्टार प्रभास प्रशांत नील की फिल्म सलार पार्ट वन सीजफायर में नजर आए थे। यह फिल्म साल 2021 में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म सफल रही थी। फिल्म के एलान के समय पर ही यह पहले सी तय हो चुका था कि फिल्म दो भागों में सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। फिल्म का दूसरा पार्ट अगले साल यानी 2025 तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकता है। इस सूची में अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा का नाम भी शामिल है। फिल्म की रिलीज के समय ही पता चल गया था कि यह दो भागों में बनाई जाएगी। साल 2021 में रिलीज हुई इस फिल्म को पुष्पा द राइज पार्ट वन के नाम से रिलीज किया गया था। वहीं, फिल्म का दूसरा भाग इस साल 5 दिसंबर को आने वाले है। रणबीर कपूर की फिल्म रामायण की चर्चा लबे समय से हो रही है। इस फिल्म में उनके साथ साई पल्लवी और यश भी नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन नितीश तिवारी कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इस फिल्म को दो भागों में तैयार किया जाएगा।

## क्या सच में स्पिरिट में नजर आएंगे कोरियाई स्टार डॉन ली जानिए संदीप रेड्डी वांगा ने क्या कहा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोरियाई सुपरस्टार डॉन ली को लेकर चर्चा है कि वह फिल्म स्पिरिट में नजर आ सकते हैं। इस पर अब निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की प्रतिक्रिया सामने आई है।प्रभास और निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा पहली बार फिल्म स्पिरिट में साथ काम कर रहे हैं। फिल्म का इंतजार फैंस को बेसब्री से है। इस पुलिस एक्शन ड्रामा फिल्म की चर्चा हाल के दिनों काफी तेज हो गई है। दरअसल, लोगों को उम्मीद है कि इस फिल्म में कोरियाई सुपरस्टार डॉन ली भी नजर आने वाले हैं। सोशल मीडिया पर बीते कई दिनों से डॉन ली के नाम पर लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। अब फिल्म के निर्देशक ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में एक कार्यक्रम में बाद करते हुए संदीप कहा, इसके फिल्म लिए प्रतीक्षा करें... यह प्रतीक्षा करने लायक है।इसके अलावा जब उनसे पूछा गया कि फिल्म कब शुरू होगी तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि यह जल्द ही शुरू होगी और विवरण उपलब्ध होने पर दिया जाएगा।हॉलीवुड में भी नाम कमा चुके कोरियाई स्टार डॉन ली को लेकर लोगों ने उम्मीद लगा रखी है कि वह प्रभास की आगामी फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, अभी तक इस बारे में अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, फिल्म के निर्माता भूषण कुमार ने हाल ही में एक बातचीत में कहा था कि फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी।

## अभिनेत्री कस्तूरी शंकर की बढ़ीं मुश्किलें, आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कस्तूरी शंकर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। तमिलनाडु में तेलुगु भाषी लोगों के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में उन्हें शनिवार को हैदराबाद में गिरफ्तार कर लिया गया। अभिनेत्री कस्तूरी शंकर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। तमिलनाडु में तेलुगु भाषी लोगों के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में उन्हें शनिवार को हैदराबाद में गिरफ्तार कर लिया गया।हिंदू मक्कल काची की बैठक में 50 वर्षीय अभिनेत्री की टिप्पणी पर भाजपा के तमिलनाडु के राष्ट्रीय सह-प्रभारी डॉ. पोंगुलेटी सुधाकर रेड्डी ने कड़ी आपत्ति जताते हुए उनसे माफी की मांग की थी।भाजपा नेता ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा कि उनकी टिप्पणियां तमिलनाडु के लोगों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल को बाधित करने वाली हैं और वसुधैव कुटुम्बकम (विश्व एक परिवार है) के सिद्धांत के भी खिलाफ हैं। पुलिस ने बताया कि अभिनेत्री ने विवाद के तुरंत बाद अपनी टिप्पणी वापस ले ली थी।इससे पहले मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि मशहूर हस्तियों को सार्वजनिक मंच पर ऐसे मुद्दे को उठाने से पहले हमेशा दो बार सोचना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा था कि उन्होंने ठीक तरह से माफी नहीं मांगी और केवल अपने भाषण में की गई टिप्पणी से बचने का प्रयास किया था।

## बढ़ती लागत की बहस का हिस्सा बने अजय-अक्षय, बारीकी से समझाया सितारों की फीस का पैमाना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में फिल्मों की बढ़ती लागत का मुद्दा गर्माया हुआ है। अब 'सिंघम अगेन' के स्टार्स अक्षय कुमार और अजय देवगन भी इस बहस का हिस्सा बनते नजर आए हैं। मनोरंजन जगत में फिल्मों की बढ़ती लागत और रेवेन्यू का मुद्दा गर्माया हुआ है। इस पर अनुराग कश्यप, जावेद अख्तर, करण जौहर, कार्तिक आर्यन और अनुराग कश्यप समेत तमाम हस्तियां अपनी राय रख चुकी हैं। वहीं, अब बॉलीवुड के 'सिंघम' यानी अजय देवगन और अक्षय कुमार भी इस बहस का हिस्सा बन गए हैं। एक हालिया इंटरव्यू में दोनों अभिनेताओं से पूछा गया कि क्या अब फिल्म बनाने में अधिक लागत आती है क्योंकि अभिनेता भारी-





भरकम फीस लेते हैं। इस पर, अभिनेताओं ने अपने दृष्टिकोण साझा किए और यह भी बताया कि अभिनेताओं की फीस चार्ज करने की क्या प्रक्रिया होती है। अजय देवगन ने बताया कि अभिनेता कैसे वेतन लेते हैं। उन्होंने कहा, 'अभिनेता स्क्रिप्ट और फिल्म के अनुसार फीस लेते हैं। और हममें से ज्यादातर लोग वसूली के अनुसार शुल्क ले रहे हैं।' अक्षय कुमार अजय की लगभग हर बात से सहमत थे। उन्होंने आगे कहा, 'अगर हम आज कोई फिल्म साइन करते हैं, तो हम कुछ भी चार्ज नहीं करते हैं, हम सिर्फ एक हिस्सेदारी लेते हैं।अजय देवगन ने अपनी बात में आगे जोड़ा, 'अगर फिल्म काम करती है, तो हमें लाभ में हिस्सा मिलता है, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है, तो हमें कोई हिस्सा नहीं मिलता है।' इसे समझाते हुए, अक्षय कुमार ने कहा कि लाभ में हिस्सेदारी का मतलब है कि अभिनेताओं को सफलताओं के लिए पुरस्कृत किया जाता है और विफलताओं के लिए दंडित किया जाता है।इस बातचीत को जारी रखते हुए, अजय ने कहा, 'कभी-कभी, कोई शेयर भी नहीं होता है। फिर आपको कीमत चुकानी पड़ती है। यह भी जुनून है।' उसी कार्यक्रम में, अभिनेताओं से इस धारणा के बारे में पूछा गया कि क्या साउथ फिल्म इंडस्ट्री में बॉलीवुड की तुलना में अधिक एकता है। इस पर अक्षय ने कहा, 'मैं मानता हूं कि हमारे बीच ज्यादा एकता नहीं है। मुझे नहीं पता कि अजय क्या सोचते हैं।'अपनी राय साझा करते हुए, अजय ने कहा, 'यह ओपनिंग के बारे में नहीं है, क्योंकि बहुत सी चीजें खेल में आती हैं। लेकिन मैं वास्तव में सराहना करता हूं कि वे (साउथ इंडस्ट्री के लोग) एक साथ एक इंडस्ट्री के रूप में आते हैं और एक-दूसरे के लिए खड़े होते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।